कोटद्वार, गुरूवार
24 जुलाई 2025
वर्षः 47
अंकः 85 पृष्ठः 4
मूल्यः 2.00

# जयन्त

निर्भीक – निष्पक्ष – जनसरोकार

www.dainikjayantnews.com

स्थापित 1979

संस्थापक : स्व. नरेन्द्र उनियाल

डाक पंजीयन पी.ए.ओ.07-2024-26 फोनः 9412081969 email: nagendra.uniyal@gmail.com

## एक नजर

### पीएमजीएसवाई : उत्तराखंड को मिली 212 सड़कें और नौ पुल

देहरादून। उत्तराखंड को पीएमजीएसवाई–03 के तहत कुल 212 सड़कें (लंबाई 2288 किमी) और नौ पुलों की स्वीकृति प्रदान की गई है। इन सड़कों का उद्देश्य ग्रामीण कृषि मंडियों, उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों, और स्वास्थ्य केंद्रों को थ्रू–रूट के माध्यम से जोड़ना है, जिससे ग्रामीण सड़क नेटवर्क को और अधिक सुदृढ़ किया जा सके। हरिद्वार लोकसभा सांसद त्रिवेन्द्र सिंह रावत के लोकसभा के मानसून सत्र के दौरान पूछे गए एक सवाल के जवाब में ग्रामीण विकास राज्य मंत्री कमलेश पासवान ने यह जानकारी दी। पासवान ने बताया कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत सड़क निर्माण में स्थानीय, गैर–पारंपरिक एवं पर्यावरण अनुकूल हरित तकनीकों को प्राथमिकता दी जा रही है। इनमें कोल्ड मिक्स टेक्नोलॉजी, अपशिष्ट प्लास्टिक का उपयोग, फुल डेप्थ रिक्लेमेशन, सेल फील्ड कंक्रीट, पैनल युक्त सीमेंट कंक्रीट तकनीक शामिल है। सांसद रावत ने केंद्र सरकार की ओर से उत्तराखंड को मिली इस महत्वपूर्ण स्वीकृति के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और ग्रामीण विकास मंत्रालय का आभार व्यक्त किया है।

### उत्तरकाशी में श्रावण की शिवरात्रि पर जलाभिषेक को उमड़े कांवड़िये

उत्तरकाशी। श्रावण मास की शिवरात्रि पर बुधवार को काशी विश्वनाथ मंदिर समेत जिले के शिवालयों में जलाभिषेक के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी रही। इस दौरान गंगोत्री व गोमुख से कांवड़ लेकर आए कांवड़ियों ने भी काशी विश्वनाथ मंदिर सहित अपने गांव के नजदीक शिवालयों में जलाभिषेक किया और अपनी यात्रा पूर्ण की। वहीं मंदिरों में शिव स्त्रोत्र एवं रुद्राभिषेक के साथ धार्मिक अनुष्ठान किए गए। मंगलवार को श्रावण मास की शिवरात्रि पर नगर के प्रसिद्ध काशी विश्वनाथ मंदिर, गोपेश्वर मंदिर, महांकालेश्वर, रुद्रेश्वर, भाष्करेश्वर सहित जिले भर के शिवालयों में भक्तों की भारी भीड़ जुटी रही। ब्राह्ममुहूर्त से देर शाम तक शिवालयों में कतारें लगी रहीं। इस दौरान स्थानीय श्रद्धालुओं सहित गंगोत्री व गोमुख से कांवड लेकर आये शिव भक्तों ने शिवालयों में जलाभिषेक किया। भक्तों ने गंगाजल, बेलपत्र, धतूरा, फूल और अक्षत अर्पित किए बाबा विश्वनाथ की आराधना कर अपनी कुशलता की कामना की। वहीं ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाओं ने भी ब्रत रखकर मंदिरों में जलाभिषेक किया और धार्मिक अनुष्ठान, हवन सहित भजन कीर्तिन आदि में प्रतिभाग किया।

### इंसुलेटर पंचर होने से तीन घंटे बिजली बाधित

रुड़की। सोलानीपुरम बिजलीघर से जुड़ी 11 केवीए लाइन का बुधवार को इंसुलेटर पंचर होने से बिजली सप्लाई ठप हो गई। शटडाउन लेकर उसे ठीक करने की प्रक्रिया के दौरान उपभोक्ताओं को करीब तीन घंटे बिजली कटौती का सामना करना पड़ा। बुधवार को सोलानीपुरम बिजलीघर से विशाल मेगा वाट के पास से गुजर रही एक 11 केवीए की लाइन का इंसुलेटर करीब एक बजे पंचर हो गया। इंसुलेटर पंचर होने से इस लाइन से जुड़े सोलानीपुरम, पठानपुरा, आदर्शनगर, नहर किनारा, प्रेम मंदिर के समीप सहित आदि इलाकों की बिजली सप्लाई ठप हो गई। शिवरात्रि का त्योहार होने के चलते लोगों को बिजली कटौती से परेशानी उठानी पड़ी। हालांकि, बिजली सप्लाई ठप होने की सूचना मिलते ही कर्मचारी मौके पर पहुंचे। उन्होंने तुरंत शटडाउन लेकर बिजली सप्लाई शुरू करने की प्रक्रिया शुरू की। इस दौरान करीब दो घंटे का समय लग गया। कर्मचारियों ने किसी तरह चार बजे सप्लाई शुरू की। एसडीओ आकाश सिंह ने बताया कि पंचर हुए इंसुलेटर को बदल दिया गया है। इसके बाद सप्लाई शुरू कर दी गई है।

### कांवड़ यात्री गंगा जल ले गए और कूड़ा छोड़ गए

हरिद्वार। धर्मनगरी में कांवड़ मेले के बाद क्षेत्र में फैले कूड़े को साफ करने के लिए नगर निगम प्रशासन ने 48 घंटे का समय निर्धारित किया है। इसके लिए सफाई कर्मचारियों को तैनात कर दिया गया है। नगर निगम के सफाई कर्मचारियों के साथ आउट सोर्स के माध्यम से हायर किए गए एक हजार अन्य सफाई कर्मियों को भी लगाया गया है। गुरुवार दोपहर तक हरकी पैड़ी को साफ करने है,

# लोकमान्य तिलक ने स्वतंत्रता आंदोलन को नई दिशा दी : पीएम



नई दिल्ली ,। स्वतंत्रता संग्राम के महान नायक और समाज सुधारक लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक की जयंती पर देश के प्रमुख नेताओं ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा सहित कई केंद्रीय मंत्रियों ने सोशल मीडिया हैंडल 'एक्सझ् पर तिलक के योगदान को याद किया और उनके विचारों को देश के लिए प्रेरणादायक बताया।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने संदेश में कहा कि लोकमान्य तिलक एक अग्रणी नेता थे, जिन्होंने स्वतंत्रता आंदोलन को नई दिशा दी। वे एक महान विचारक थे, जो ज्ञान और सेवा में विश्वास रखते थे।पीएम ने लिखा, लोकमान्य तिलक को उनकी जयंती पर शत–शत नमन। उन्होंने स्वतंत्रता की भावना को प्रज्वलित किया। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने तिलक को 'स्वराज का उद्घोषकझ् बताते हुए कहा कि उन्होंने स्वतंत्रता संग्राम को वैचारिक ऊर्जा दी। उन्होंने लिखा, तिलक जी ने गणेशोत्सव और गीता रहस्य के माध्यम से स्वाधीनता को भारतीय संस्कृति से जोड़ा। उनका योगदान युवाओं को हमेशा प्रेरित करेगा।

भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने तिलक को 'स्वराज्य का उद्घोषक और महान विचारक बताते हुए कहा कि उन्होंने गणेशोत्सव और शिवाजी महोत्सव जैसे आयोजनों के जरिए जनता में एकता का भाव जगाया। उन्होंने लिखा, भारतीय स्वाधीनता संग्राम के अग्रदूत, पूर्ण स्वराज्य के उद्घोषक, महान विचारक, 'लोकमान्यझ् बाल गंगाधर तिलक की जयंती पर उन्हें कोटिशः नमन करता हूं। लोकमान्य तिलक जी ने गणेश उत्सव और छत्रपति शिवाजी के महोत्सवों जैसे अनेक त्योहारों को सार्वजनिक रूप से मनाकर जन–जन को अंग्रेजी हुकूमत के विरुद्ध एकता के भाव को मजबूती प्रदान की। संस्कृति और राष्ट्र की रक्षार्थ आपके तेजस्वी विचार हम सभी को राष्ट्र सेवा एवं समाज के उत्थान के कार्यों के लिए सदैव प्रेरित करते रहेंगे।

केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने तिलक को 'स्वराज्य का मूल मंत्रझ् देने वाला समाज सुधारक बताया। उन्होंने लिखा, लोकमान्य तिलक को उनकी जयंती पर विनम्र श्रद्धांजलि।

वहीं, केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने तिलक को 'प्रखर राष्ट्रवादी और क्रांतिकारीझ् बताते हुए उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि दी। केंद्रीय मंत्री मनसुख मांडविया ने तिलक के मशहूर नारे, झ्स्वराज मेरा जन्मसिद्ध अधिकार है और मैं इसे लेकर रहूंगा ' स्वराज के नारे को बुलंद करने वाले, महान स्वतंत्रता सेनानी और समाज सुधारक 'लोकमान्यझ् बाल गंगाधर तिलक जी की जयंती पर उन्हें नमन।

केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा, पूर्ण 'स्वराजझ् की भावना को भारत के जन–जन में स्थापित करने वाले महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं समाज सुधारक लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक जी की जयंती पर कोटि–कोटि नमन करता हूं।

### अहमदाबाद से दीव जा रही इंडिगो उड़ान के इंजन में लगी आग

अहमदाबाद, गुजरात के अहमदाबाद से दीव जा रही इंडिगो की एक उड़ान बुधवार को इंजन में आग लगने की वजह से रद्द कर दी गई। घटना के समय विमान में 60 यात्री सवार थे। विमान सुबह 11 बजे जैसे ही उड़ान भरने वाला था, विमान के 2 इंजन में से एक में आग की जानकारी मिली, जिसके बाद पायलट ने एयर ट्रैफिक कंट्रोल को मेडे कॉल भेजा। इसके बाद उड़ान को तुरंत रद्द कर दिया और यात्रियों को सुरक्षित उतारा गया। इंडिगो के प्रवक्ता ने कहा, 23 जुलाई को अहमदाबाद से दीव के लिए उड़ान भरने वाली इंडिगो उड़ान 6ई 7966 में उड़ान भरने से ठीक पहले एक तकनीकी खराबी का संकेत मिला। मानक संचालन प्रक्रिया का पालन करते हुए, पायलटों ने अधिकारियों को सूचित किया और विमान को बे में वापस कर दिया। परिचालन दोबारा शुरू करने से पहले विमान की जांच की जाएगी। सभी यात्री और चालक दल के सदस्य सुरक्षित हैं। घटना की जांच चल रही है।

मंगलवार को दिल्ली हवाई अड्डे पर ऐसी घटना सामने आई थी, जिसमें एयर इंडिया विमान में आग लगने के बाद हड़कंप मच गया था।

### भारतीय वायुसेना की ताकत बढ़ी

## किलर अपाचे हेलिकॉप्टर का पहला बैच भारत पहुंचा, यहां होगी तैनाती



नई दिल्ली ,भारतीय सेना की मारक क्षमता में बड़ा इजाफा हुआ है। दुनिया के सबसे खतरनाक लड़ाकू हेलिकॉप्टरों में शुमार अपाचे का पहला बैच भारत पहुंच गया है। अमेरिकी कंपनी बोइंग द्वारा निर्मित इन अत्याधुनिक हेलिकॉप्टरों को सेना के बेड़े में शामिल किया जाएगा। इनकी पहली तैनाती जोधपुर में होगी, जो रणनीतिक रूप से पश्चिमी सीमा के नजदीक है। भारतीय सेना ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्सझ् पर इसकी जानकारी देते हुए इसे एक ऐतिहासिक क्षण बताया। सेना ने पोस्ट में लिखा, भारतीय सेना में अपाचे का आगमन! सेना के लिए एक ऐतिहासिक पल। अपाचे हेलिकॉप्टरों के पहले बैच का भारत में स्वागत है। यह सेना की ऑपरेशनल क्षमताओं में महत्वपूर्ण वृद्धि करेगा।भारत ने अमेरिकी एयरोस्पेस कंपनी बोइंग के साथ साल 2020 में भारतीय सेना के लिए छह ॥–64श्व अपाचे हेलिकॉप्टरों का सौदा किया था। इनकी डिलीवरी पिछले साल ही होनी थी, लेकिन इसमें करीब 15 महीनों की देरी हुई है। मंगलवार को मिली पहली खेप में तीन हेलिकॉप्टर भारत पहुंचे हैं। यह ध्यान रखना महत्वपूर्ण है कि यह हेलिकॉप्टर भारतीय सेना को मिले हैं। इससे पहले भारतीय वायुसेना के पास पहले से ही 22 अपाचे हेलिकॉप्टरों का बेड़ा मौजूद है। अब सेना को अपने खुद के अपाचे हेलिकॉप्टर मिलने शुरू हो गए हैं, जिससे जमीनी और हवाई अभियानों में और बेहतर तालमेल स्थापित हो सकेगा। अपाचे हेलिकॉप्टर अपनी घातक मारक क्षमता, मजबूत कवच और रात में भी ऑपरेशन करने की उन्नत तकनीक के लिए जाने जाते हैं। इनका सेना में शामिल होना पश्चिमी सीमा पर भारत की सैन्य ताकत को कई गुना बढ़ा देगा।

# राजकीय मेडिकल कॉलेज देहरादून और हल्द्वानी में तीमारदारों के लिए बनेंगे विश्राम गृह

### सचिवालय में राजकीय दून मेडिकल कॉलेज, हल्द्वानी एवं सेवादान आरोग्य संस्था के बीच हुआ एम.ओ.यू.



जयन्त प्रतिनिधि। देहरादून : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की उपस्थिति में बुधवार को सचिवालय में राजकीय दून मेडिकल कॉलेज, राजकीय मेडिकल कॉलेज हल्द्वानी एवं सेवादान आरोग्य संस्था के बीच एम.ओ.यू. (समझौता ज्ञापन) पर हस्ताक्षर किए गए। यह एम.ओ.यू. राजकीय मेडिकल कॉलेज हल्द्वानी एवं देहरादून में तीमारदारों के लिए विश्राम गृह निर्माण कार्य से संबंधित है।मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए राज्य सरकार निरंतर प्रयासरत है। कहा कि इन मेडिकल कॉलेजों में तीमारदारों के लिए विश्राम गृह बनने से बड़ी सुविधा होगी। भर्ती मरीजों के साथ आने वाले परिजनों को रात्रि विश्राम एवं ठहरने की समस्या का समाधान मिलेगा। मुख्यमंत्री ने सेवादान आरोग्य संस्था से किच्छा स्थित एम्स सैटेलाइट सेंटर में भी यह व्यवस्था करने की बात कही, जिस पर संस्था ने सहमति व्यक्त की। इस एम.ओ.यू. के तहत सेवादान आरोग्य फाउंडेशन, राजकीय मेडिकल कॉलेज हल्द्वानी एवं देहरादून में तीमारदारों के लिए विश्राम गृहों का निर्माण करेगा। दोनों मेडिकल कॉलेजों में 350 बिस्तरों की क्षमता वाले विश्राम गृहों का निर्माण प्रस्तावित है। इन विश्राम गृहों (रैन बसेरों) में रात्रि विश्राम के लिए शयनागार में 55 प्रति बिस्तर तथा दो बिस्तरों वाले कमरे 300 प्रति कक्ष की दर से उपलब्ध कराए जाएंगे। साथ ही, नाश्ता 20 तथा भोजन 35 की सस्ती दरों पर उपलब्ध कराया जाएगा। इन विश्राम गृहों का संचालन एवं रख-रखाव सेवादान आरोग्य फाउंडेशन द्वारा किया जाएगा। राजकीय मेडिकल कॉलेज देहरादून द्वारा 1750 वर्ग मीटर एवं राजकीय मेडिकल कॉलेज हल्द्वानी द्वारा 1400 वर्ग मीटर भूमि विश्राम गृहों के निर्माण हेतु प्रदान की जाएगी। यह एम.ओ.यू. आगामी 20 वर्षों के लिए वैध रहेगा। इस अवसर पर सचिव स्वास्थ्य डॉ. आर. राजेश कुमार, सचिव विनय शंकर पाण्डेय, निदेशक चिकित्सा शिक्षा डॉ. आशुतोष सयाना, सेवादान आरोग्य संस्था से अभिषेक सक्सेना, आनंद सिंह बिसेन, अमित दास उपस्थित थे।

### तीन साल में 1,524 अवैध जुआ वेबसाइट और मोबाइल ऐप पर लगा प्रतिबंध, केंद्र ने बताया

नईदिल्ली, केंद्र सरकार ने संसद के मानसून सत्र के दौरान बुधवार को लोकसभा में बताया कि उसने पिछले 3 साल में 1,524 अवैध जुआ, सट्टेबाजी वेबसाइट और मोबाइल ऐप को प्रतिबंधित किया है। इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने यह जानकारी तेलुगु देशम पार्टी के सांसद कृष्ण प्रसाद टेनेटी द्वारा उठाए गए एक सवाल के लिखित जवाब में दी है। जुआ वेबसाइट्स और ऐप पर प्रतिबंध वर्ष 2022 से 2025 के बीच लगाए गए हैं। सूचना प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री जितिन प्रसाद ने प्रश्न के जवाब में कहा, 2022 से जून 2025 तक, सरकार ने ऑनलाइन सट्टेबाजी, जुआ, गेमिंग वेबसाइटों और मोबाइल एप्लिकेशन से संबंधित 1,524 ब्लॉकिंग निर्देश जारी किए हैं। प्रसाद ने कहा कि केंद्र सरकार ने यह प्रतिबंध अपनी नीतियों के तहत उपयोगकर्ताओं के लिए खुला, सुरक्षित, विश्वसनीय और जवाबदेह इंटरनेट सुनिश्चित करने के लिए लगाया है। बता दें, विदेशी ऑनलाइन जुआ प्लेटफार्म भारतीय कर नियमों या स्थानीय विनियमों का पालन नहीं करते हैं। भारत में ऑनलाइन गेमिंग कंपनियों को एकीकृत वस्तु एवं सेवा कर (आईजीएसटी) अधिनियम के तहत पंजीकरण कराना होता है, जिसके बाद वे यहां कारोबार कर सकती हैं। इसका पालन न करने पर उन्हें प्रतिबंधित किया जाता है। केंद्र ऑनलाइन गेमिंग पर 28 प्रतिशत वस्तु और सेवा कर (जीएसटी) लगाती है।

### पाकिस्तान में बड़ी मानवीय त्रासदी होने से बची

## न्यूक्लियर फैसिलिटी के पास गिरी अपनी ही मिसाइल



कराची , पाकिस्तान की सेना द्वारा शाहीन–3 बैलिस्टिक मिसाइल का किया गया परीक्षण बुरी तरह असफल रहा। मिसाइल निशाने से भटक गई और पंजाब प्रांत के डेरा गाजी खान स्थित एक परमाणु केंद्र के पास धमाका हुआ। इसके बाद मिसाइल का मलबा बलूचिस्तान के डेरा बुगटी जिले के मट्ट क्षेत्र में आकर गिरा, जो नागरिक बस्तियों से महज 500 मीटर की दूरी पर है। इस घटना से स्थानीय लोगों की सुरक्षा पर गंभीर सवाल उठ खड़े हुए हैं।सूत्रों के अनुसार, मलबा लूप सेहरानी लेवी स्टेशन के पास ग्रेपन रवाइन में गिरा, जिससे तेज़ धमाका हुआ। घटनास्थल के पास बड़ी संख्या में लोग रहते हैं, जिससे बड़ी मानवीय त्रासदी हो सकती थी। इस दुर्घटना के बाद पाकिस्तानी सेना ने पूरे क्षेत्र में इंटरनेट सेवा बंद कर दी, मीडिया की पहुंच रोक दी और लोगों को घरों में रहने का आदेश जारी किया।

**शाहीन—3 क्या है?**

शाहीन–3 पाकिस्तान की सबसे उन्नत सतह से सतह पर मार करने वाली बैलिस्टिक मिसाइल है। यह परमाणु हथियार ले जाने में सक्षम है और इसकी मारक क्षमता लगभग 2750 किलोमीटर तक है। इस रेंज में भारत के कई प्रमुख शहर झ जैसे दिल्ली, मुंबई और बेंगलुरु झ आते हैं। 22 जुलाई को डेरा गाजी खान के राखी क्षेत्र से इस मिसाइल का परीक्षण किया गया था, लेकिन तकनीकी खराबी के कारण यह निर्धारित मार्ग से भटक गई।

**सुरक्षा और पारदर्शिता पर सवाल**

यह घटना न सिर्फ पाकिस्तान की सैन्य तकनीकी क्षमता पर सवाल खड़े करती है, बल्कि बलूचिस्तान के आम नागरिकों की सुरक्षा के प्रति उसकी गंभीरता पर भी संदेह जताती है। स्थानीय लोगों और मानवाधिकार संगठनों ने सेना की गोपनीयता और सूचनाओं को दबाने की प्रवृत्ति की आलोचना की है। फिलहाल पाकिस्तानी रक्षा मंत्रालय ने इस विषय पर कोई आधिकारिक बयान नहीं जारी किया है।

# उपराष्ट्रपति पद के लिए चुनाव प्रक्रिया शुरू, चुनाव आयोग ने शुरू की तैयारियां, इनका नाम चल रहा आगे




नई दिल्ली , जगदीप धनखड़ के इस्तीफे के बाद अब उपराष्ट्रपति पद के लिए चुनाव की प्रक्रिया औपचारिक रूप से शुरू हो गई है। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने मंगलवार को जारी अपने राजपत्र (गजट) के माध्यम से धनखड़ के इस्तीफे को अधिसूचित किया। संविधान के अनुच्छेद 324 के तहत भारतीय निर्वाचन आयोग (ईसीआई) को उपराष्ट्रपति पद के चुनाव आयोजित कराने का अधिकार प्राप्त है। यह चुनाव "राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति चुनाव अधिनियम, 1952" तथा "राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति चुनाव नियम, 1974" के अंतर्गत संपन्न कराया जाता है। निर्वाचन आयोग ने नए उपराष्ट्रपति के चुनाव की तैयारियां शुरू कर दी हैं। प्रारंभिक तैयारियां पूर्ण होते ही चुनाव कार्यक्रम की घोषणा जल्द ही की जाएगी। चुनाव कार्यक्रम की घोषणा से पूर्व मुख्य गतिविधियां इस प्रकार होती हैं। निर्वाचक मंडल की तैयारी, जिसमें लोकसभा और राज्यसभा के निर्वाचित व मनोनीत सदस्य शामिल होते हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी एवं सहायक निर्वाचन अधिकारियों की नियुक्ति होती है। अब तक हुए सभी उपराष्ट्रपति चुनावों की पृष्ठभूमि संबंधी जानकारी का संकलन व प्रचार–प्रसार होता है। निर्वाचन आयोग ने स्पष्ट किया है कि उपराष्ट्रपति पद के लिए निष्पक्ष, स्वतंत्र और पारदर्शी चुनाव सुनिश्चित करने हेतु सभी आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं।

**उपराष्ट्रपति के लिए इनका नाम चल रहा आगे**

बिहार चुनावों को ध्यान में रखते हुए देखा जाए तो राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश नारायन सिंह और स्वर्गीय कर्पूरी ठाकुर के पुत्र राम नारायण ठाकुर के नाम की चर्चा चल रही है। इसके अलावा बहुत से लोग नीतीश कुमार का भी नाम ले रहे हैं पर नीतीश कुमार शायद ही उपराष्ट्रपति के लिए तैयार हों। दूसरे उनका स्वास्थ्य राज्यसभा के सभापति के लिए ठीक नहीं समझा जा सकता। इनमें राजनाथ सिंह का नाम सबसे ऊपर चल रहा है। यद्यपि सिंह को उपराष्ट्रपति बनाए जाने के पीछे कोई आधार नहीं दिख रहा है। क्योंकि वो बीजेपी के बहुत से रास्ते साफ करते रहते हैं। उन्होंने केंद्र में अपनी महत्ता बनाए रखी है। केंद्रीय सड़क परिवहन नितिन गडकरी का भी नाम उपराष्ट्रपति पद के दावेदारों में लिया जा रहा है। बता दें कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मंगलवार को उपराष्ट्रपति पद से जगदीप धनखड़ का इस्तीफा स्वीकार कर लिया है। इससे पहले, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने धनखड़ के लिए अच्छे स्वास्थ्य की कामना की। प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, "जगदीप धनखड़ जी को भारत के उपराष्ट्रपति सहित कई भूमिकाओं में देश की सेवा करने का अवसर मिला है। मैं उनके उत्तम स्वास्थ्य की कामना करता हूं।"

### ईडी ने 20 करोड़ की संपत्ति जब्त की

शिलांग ,प्रवर्तन निदेशालय ने पैसे लेकर फर्जी डिग्रियां और प्रमाण पत्र जारी करने के मामले में बड़ी कार्रवाई की है। केंद्रीय एजेंसी ने शिलांग स्थित सीएमजे (ष्टरूछ्व) यूनिवर्सिटी के कुलाधिपति (चांसलर) चंद्रमोहन झा और उनके परिवार के सदस्यों की करीब 20.28 करोड़ रुपये की संपत्ति अस्थायी रूप से कुर्क कर ली है। ईडी द्वारा जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार, इन संपत्तियों में नई दिल्ली स्थित 19.28 करोड़ रुपये की चार अचल संपत्तियां और बैंक बैलेंस के रूप में 1 करोड़ रुपये की चल संपत्ति शामिल है। यह कार्रवाई धन शोधन निवारण अधिनियम 2002 के कड़े प्रावधानों के तहत की गई है। ईडी ने यह जांच मेघालय सीआईडी द्वारा सीएमजे विश्वविद्यालय के खिलाफ दर्ज एक प्राथमिकी के आधार पर शुरू की थी। यह शिकायत तत्कालीन राज्यपाल आर.एस. मूशाहरी के निर्देश पर एक आईएएस अधिकारी एम.एस. राव द्वारा दर्ज कराई गई थी।

### दुनिया में बढ़ा भारत का मान, पासपोर्ट की ताकत में हुआ बड़ा इजाफा

#### अब 59 देशों में बिना वीजा मिलेगी एंट्री



नई दिल्ली ,भारतीय पासपोर्ट की ताकत में बड़ा इजाफा हुआ है। जुलाई 2025 के लिए जारी हुई प्रतिष्ठित हेनले पासपोर्ट इंडेक्स में भारत ने जनवरी के मुकाबले 8 स्थानों की लंबी छलांग लगाई है। इस सुधार के साथ भारत की रैंकिंग 85वें से सुधरकर 77वें स्थान पर पहुंच गई है। अब भारतीय पासपोर्ट धारक दुनिया के 59 देशों में बिना वीजा के यात्रा कर सकते हैं। वैश्विक रैंकिंग में सिंगापुर ने एक बार फिर अपना दबदबा कायम रखते हुए शीर्ष स्थान बरकरार रखा है। सिंगापुर के पासपोर्ट धारकों को दुनिया के 227 गंतव्यों में से 193 में वीजा–मुक्त पहुंच प्राप्त है। इस सूची में एशियाई देशों का दबदबा कायम है, जिसमें जापान और दक्षिण कोरिया संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर हैं। इन दोनों देशों के नागरिक 190 देशों में बिना वीजा के जा सकते हैं। यह रैंकिंग अंतर्राष्ट्रीय वायु परिवहन संघ के आंकड़ों पर आधारित होती है।नई रैंकिंग के अनुसार, भारत की वीजा–मुक्त पहुंच वाले देशों की सूची में केवल दो नए स्थानों की वृद्धि हुई है। इसके बावजूद, रैंकिंग में यह बड़ा सुधार भारत की बढ़ती राजनयिक पहुंच और विभिन्न देशों के साथ मजबूत हुए द्विपक्षीय समझौतों को दर्शाता है। रैंकिंग में सऊदी अरब को भी फायदा हुआ है और वह 91 गंतव्यों के साथ चार स्थान चढ़कर 54वें पायदान पर पहुंच गया है।

# कांवड़ मेला 2025 सफलता पूर्वक सम्पन्न



हरिद्वार। कांवड़ यात्रा सकुशल सफलतापूर्वक सम्पन्न होने पर शिवरात्रि के शुभ अवसर पर जिलाधिकारी मयूर दीक्षित एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रमेंद्र सिंह डोभाल हर की पौड़ी ब्रह्म कुंड पहुंच कर मांगंगा की पूजाअर्चना की तथा दुग्ध अभिषेक किया एवं मां गंगा के आशीर्वाद लिया एवं मां गंगा का आभार व्यक्त किया। इसके उपरांत जिलाधिकारी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री दक्षेश्वर महादेव मंदिर पहुंच कर पूजा अर्चना कर जलाभिषेक किया और श्री दक्षेश्वर महादेव का आशीर्वाद लिया एवं महादेव का आभार व्यक्त किया। प्रेस प्रतिनिधियों को जानकारी देते हुए जिलाधिकारी ने कहा की इस वर्ष के कांवड़ मेले में लगभग 04 करोड़ 50 लाख शिवभक्त हरिद्वार पहुंच कर गंगा जल लेकर अपने गंतव्य के लिए रवाना हुए।उन्होंने कहा कि मां गंगा एवं महादेव शिव की कृपा है कि करोड़ों भक्त आने के बाद भी कांवड़ मेला सकुशल एवं सफलतापूर्वक सम्पन्न किया गया। डीएम ने मुख्यमंत्री का भी आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री के कुशल नेतृत्व एवं निर्देशन में कार्य किया गया तथा उनके द्वारा उपलब्ध कराई गई सुरक्षा व्यवस्था एवं अन्य मूलभूत व्यवस्थाएं भी उपलब्ध कराई गई जिसके फलस्वरूप कांवड मेला सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हुआ।

उन्होंने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक का भी आभार व्यक्त किया कि जिनके कुशल नेतृत्व एवं निर्देशन में सुरक्षा व्यवस्था के साथ महत्वपूर्ण चुनौती यातायात व्यवस्था को भी सुव्यवस्थित ढंग से संचालित कराई गई। उन्होंने सभी पुलिस अधिकारियों,पुलिस जवानों, पीआरडी,होमगार्ड ,अर्ध सैनिक बलों अधिकारियों एवं जवानों का भी आभार व्यक्त किया,जिन्होंने दिन रात अपने दायित्वों का निर्वहन कुशलता एवं निष्ठा से किया।उन्होंने सभी प्रशासनिक एवं जिला स्तरीय अधिकारियों एवं कार्मिकों,स्वयंसेवी संस्थाओं,व्यापार मंडल, जनप्रतिनिधियों संत समाज,जनपद वासियों एवं पर्यावरण मित्रो का भी आभार व्यक्त किया,जिनके सहायक से कांवड़ यात्रा सफलतापूर्वक सम्पन्न कराई गई।इसके साथ ही उन्होंने प्रिंट,इलेक्ट्रॉनिक एवं सोशल मीडिया के प्रेस प्रतिनिधियों का भी आभार व्यक्त किया,जिनके सहयोग से पुलिस द्वारा की गई यातायात व्यवस्था से लेकर जिला प्रशासन द्वारा उपलब्ध कराई गई सुविधाओं एवं व्यवस्थाओं का व्यापक स्तर से प्रचारित प्रसारित किया गया।

जिलाधिकारी ने कहा कि कांवड़ यात्रा सकुशल एवं सफलतापूर्व संपन्न कराई गई है अब वेस्ट मैनेजमेंट को संपादित करने के लिए कांवड़ मेला क्षेत्र एवं कांवड़ पटरी मार्गों पर अगले तीन दिनों तक विशेष स्वच्छता एवं सफाई अभियान चलाया जाएगा जिसके लिए सभी संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए है। इस अवसर पर एचआरडीए सचिव मनीष कुमार,उप

### आज से पटरी पर लौटेगा शहर में जनजीवन

हरिद्वार। आज गुरुवार से शहर का जनजीवन पटरी पर लौट आएगा। करीब 13 दिन तक चली कांवड़ यात्रा सकुशल सम्पन्न हाईवे से लेकर शहर के यातायात की स्थिति सामान्य हो जाएगी। पहले की ही तरह आमजन अब हर जगह आसानी से आ जा सकेंगे। कांवड़ यात्रा सम्पन्न होने पर शहरवासियों ने भी राहत की सांस ली है। 11 जुलाई से कांवड़ यात्रा का आगाज हुआ था, जिसका असर हर साल शहरवासियों के जनजीवन पर पड़ता है। पैदल कांवड़ के दौरान फिर भी शहर में हालात लगभग ठीकठाक रहते हैं, लेकिन हाईवे पर यातायात प्लॉन लागू होने से स्थितियां बदल जाती है। एसपी सिटी पंकज गैरोला ने बताया कि गुरुवार से सभी प्रतिबंध हट जाएंगे।

# सम्पादकीय

## टीम वर्क की कार्य संस्कृति

मानसून की भारी बरसात और चार धाम यात्रा के बीच उत्तराखंड सरकार ने जिस प्रकार से कावड़ मेले को सफलतापूर्वक संपन्न किया है उसे एक बात तो निश्चित हो चुकी है कि बड़े आयोजनों को लेकर सरकार ने धरातल पर उतरकर कार्य किया है और सिस्टम को इस प्रकार से मजबूत किया है कि किसी भी प्रकार का बड़ा आयोजन क्यों ना हो आपसी विभागीय समन्वय से हर कार्य को आसान किया जा सकता है। लगभग 15 दिन तक चले कांवड़ मेले के दौरान कुछ छिटपुट घटना जरूर देखने को मिली लेकिन जिस सेवा भाव से उत्तराखंड पुलिस ने कावड़ मेल को संपन्न किया उसकी सराहना करनी होगी। कई ऐसे मौके जहां टकराव सुनिश्चित था वहां पुलिसकर्मियों ने बेहद संयम एवं धैर्य के साथ न केवल परिस्थितियों को संभाला बल्कि कांवड़ियों की समुचित मदद भी की। लंबी दूरी तय करने वाले कांवड़ियों के लिए जगह–जगह पर विभिन्न विभागों द्वारा भंडारे वह रात्रि विश्राम की व्यवस्था भी की गई। एक तरफ जहां चार धाम यात्रा और इसी दौरान कावड़ यात्रा के साथ–साथ त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की जिम्मेदारी भी राज्य सरकार और राज्य पुलिस के कंधों पर खड़ी हुई है, बावजूद उसके कावड़ जैसे बड़े मेले को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न करना निश्चित तौर पर सरकारी सिस्टम की एक बड़ी उपलब्धि है। वैसे तो कुछ घटनाओं को लेकर राज्य पुलिस को कटघरे में खड़ा करने की भी कोशिश की गई लेकिन सेवा भाव के आगे ऐसी घटनाओं का कद बेहद छोटा साबित हो गया। इस प्रकार के बड़े आयोजनों के बाद जिस प्रकार से विभागों द्वारा अपने कर्मचारियों को प्रोत्साहित करते हुए सम्मानित किया जा रहा है वह एक बदलती हुई कार्य संस्कृति का भी परिचायक है। दिन रात ड्यूटी पर लगे कर्मचारियों को प्रोत्साहित करना तभी संभव है जब प्रदेश का नेतृत्व स्वयं प्रेरणादायक हो। स्वयं मुख्यमंत्री द्वारा कांवड़ मेले के सफल, सुरक्षित एवं शांतिपूर्ण समापन पर समस्त शासन, प्रशासन, पुलिस विभाग, एवं मेला आयोजन से जुड़े सभी कर्मियों को बधाई एवं धन्यवाद दिया है, जो यह दर्शाता है कि सूबे का मुखिया न केवल अपनी जनता, बल्कि कर्मचारियों के सेवा भाव को भी सर्वोपरि रखता है। उत्तराखण्ड देवभूमि है और यहाँ आयोजित होने वाले धार्मिक आयोजनों में देश–विदेश से श्रद्धालु बड़ी संख्या में भाग लेते हैं। ऐसे आयोजनों में सुरक्षा, यातायात, चिकित्सा, स्वच्छता एवं अन्य सुविधाओं का सुनियोजित प्रबंधन आवश्यक होता है, जिसे सभी विभागों के समन्वय के द्वारा सराहनीय रूप से किया गया। विशेष रूप से राज्य पुलिस, आपदा प्रबंधन टीम, स्वास्थ्य विभाग, नगर निगम, परिवहन विभाग, स्वयंसेवी संगठनों तथा आम जनता ने सामूहिक प्रयास उत्तराखण्ड की धार्मिक और सांस्कृतिक पहचान सशक्त करते हुए यह साबित कर दिया है कि उत्तराखंड तेजी से उभरता हुआ एक सशक्त राज्य है जो आने वाले दिनों में नए कीर्तिमान स्थापित करेगा, फिर वह चाहे विकास की दौड़ में हो या फिर धार्मिक और आपसी एकता सद्भाव से संबंधित।

# चुनाव आयोग ने डरावनी जानकारी दी

**अवधेश कुमार**

**उच्चतम न्यायालय ने इस बार भी पुनरीक्षण प्रक्रिया रोकने की उनकी अपील खारिज कर दिया। हालांकि आगे वह सुनवाई के लिए सहमत हुआ है। सुनवाई के एक दिन पहले इंडिया गठबंधन की ओर से राहुल गांधी और तेजस्वी यादव के नेतृत्व में बिहार की राजधानी पटना में चुनाव आयोग के कार्यालय तक मार्च किया गया। चुनाव आयोग का विज्ञापन कहता है कि गणना प्रपत्र भरने की अवधि 25 जून से 26 जुलाई है और मतदाता सूची का प्रारूप प्रकाशन 1 अगस्त , 2025 को होगा। दावे और आपत्तियों की अवधि 1 अगस्त से 1 सितम्बर, 2025 है और अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन 30 सितम्बर, 2025 को किया जाएगा। इसका अर्थ हुआ कि किसी का नाम छूट गया तो दावा करने के लिए एक महीने का समय है।**

बिहार में विशेष मतदाता सूची पुनरीक्षण या इंटेंसिव रिवीजन का इलेक्टरल रोल जिस तरह विरोध और हंगामा का विषय बना है वह अनपेक्षित कतई नहीं है।

कांग्रेस पार्टी और अनेक भाजपा विरोधी दल, एक्टिविस्ट, पत्रकार, एनजीओ आदि काफी समय से चुनाव आयोग विरोधी तीखा अभियान चला रहे हैं। राहुल गांधी तो पुनरीक्षण आरंभ होने के पहले से ही आरोप लगा रहे हैं कि हेर–फेर कर भाजपा को जिताने का काम चुनाव आयोग करेगा। विरोधी बार–बार आयोग के विरु द्ध उच्चतम न्यायालय जाते और निराश वापस आते हैं।

उच्चतम न्यायालय ने इस बार भी पुनरीक्षण प्रक्रिया रोकने की उनकी अपील खारिज कर दिया। हालांकि आगे वह सुनवाई के लिए सहमत हुआ है। सुनवाई के एक दिन पहले इंडिया गठबंधन की ओर से राहुल गांधी और तेजस्वी यादव के नेतृत्व में बिहार की राजधानी पटना में चुनाव आयोग के कार्यालय तक मार्च किया गया। चुनाव आयोग का विज्ञापन कहता है कि गणना प्रपत्र भरने की अवधि 25 जून से 26 जुलाई है और मतदाता सूची का प्रारूप प्रकाशन 1 अगस्त , 2025 को होगा। दावे और आपत्तियों की अवधि 1 अगस्त से 1 सितम्बर, 2025 है और अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन 30 सितम्बर, 2025 को किया जाएगा। इसका अर्थ हुआ कि किसी का नाम छूट गया तो दावा करने के लिए एक महीने का समय है।

तो बिना देखे कि किसका नाम जुड़ा, नहीं जुड़ा इस तरह के विरोध का औचित्य क्या है? आयोग पर पहला आरोप है कि वह इतनी जल्दी बड़े प्रदेश के मतदाताओं की सूची कैसे बना लेगा? जब 2002 में मतदाता सूची का बिहार में पुनरीक्षण हुआ था तब 15 जुलाई से 14 अगस्त यानी वर्तमान के अनुसार ही 31 दिन का समय था। क्या 22– 23 वर्ष के बाद मतदाता सूची की गहनता से जांच–परख नहीं होनी चाहिए? अगर चुनाव आयोग ने इसके लिए आवश्यक जनसंपर्क और आधार कार्य नहीं किया तो आलोचना होगी। मुख्य चुनाव आयुक्त ने कहा है कि पिछले 4 महीने में प्रत्येक विधानसभा, जिला में सर्वदलीय बैठक की गई और लगभग 5 हजार ऐसी बैठकों में 28 हजार लोगों ने भाग लिया।

आयोग ने लगभग 80 हजार बीएलओ या बूथ लेवल ऑफिसर नियुक्त किए हैं जो मतदाताओं के घर पहुंच रहे हैं। राजनीतिक दलों ने भी 1.54 लाख बूथ लेवल एजेंट बनाए हैं। भारी संख्या में स्वयंसेवक भी सक्रिय हैं। कुल 16 करोड़ इन्यूमरेशन फॉर्म प्रकाशित किए गए। एक फॉर्म रिसिप्ट के रूप में मतदाता के पास रहेगा और दूसरा बीएलओ रखेंगे। ऑनलाइन पोर्टल पर भी फॉर्म जमा करने की व्यवस्था है। इसलिए यह नहीं कह सकते कि ड्राइव बिल्कुल अव्यावहारिक है। पहचान सुनिश्चित करने पर चुनाव आयोग के जोर का सबसे तीखा विरोध हो रहा है। पहले कुछ तथ्य पर बात करें। 1 जनवरी, 2003 की सूची में मतदाताओं की संख्या 4 करोड़ 96 लाख थी। वर्तमान में यह संख्या 7 करोड़ 89 लाख है। तो लगभग 2 करोड़ 93 लाख मतदाताओं को ही पहचान सुनिश्चित करनी होगी। जिन मतदाताओं के नाम 2003 में है उसके अलावा जिनका नाम आया उनको ही जन्मतिथि, जन्म स्थान आदि साबित करने वाले दस्तावेज देने होंगे।

उनमें भी माता–पिता का नाम 2003 मतदाता सूची में है तो माता–पिता की पहचान साबित करने के लिए दस्तावेज देने की आवश्यकता नहीं। केवल 2003 वाली मतदाता सूची के उस हिस्से की कॉपी बीएलओ को देनी होगी जिसमें उनके माता–पिता का नाम लिखा है। जिनके नाम 2003 में हैं उन्हें केवल उसकी फोटो कॉपी बीएलओ को फॉर्म जमा करते समय देनी है जिसमें उनका नाम है। क्या 2003 की मतदाता सूची में नाम न होने वाले के पास अगर जन्मतिथि तथा जन्म स्थान साबित करने के प्रमाण नहीं हो तो नाम मतदाता सूची में शामिल नहीं होगा?

इसकी आशंका है। पर आयोग का कहना है कि दस्तावेजविहीन व्यक्ति की भारतीय पहचान को सुनिश्चित करने का काम क्षेत्र के एसडीम करेंगे और उनके कागजात का पता लगाने के लिए वालंटियर नियुक्त किए गए हैं। बिहार में चुनाव आयोग ने यह डरावनी जानकारी दी है कि पुनरीक्षण में ऐसे विदेशी नागरिक मिले जो मतदाता बन चुके हैं। उनकी जानकारी गृह मंत्रालय को दी जा रही है और नागरिकता सुनिश्चित होने के बाद ही तय होगा कि वे मतदाता रहेंगे या नहीं। राजनीतिक दलों ने इस पर भी तूफान खड़ा कर दिया। निःसंदेह, आधार कार्ड या राशन कार्ड बनवाना आसान नहीं होता। इसलिए चिंता का विषय है कि यह हमारी नागरिकता का प्रमाण पत्र नहीं है। बिहार के भारी मुसलमान जनसंख्या वाले चार सीमांचल जिलों में आधार कार्ड के आंकड़े हैरत में डालते हैं।

बिहार में औसत आधार कार्ड आबादी के 94 फीसद है। किशनगंज में 68 प्रतिशत मुस्लिम आबादी है और आधार सैचुरेशन 126 प्रतिशत है, कटिहार (44त्न) में 123त्न, अररिया (43त्न) में 123त्न, और पूर्णिया (38त्न) में 121त्न आधार सैचुरेशन है। आबादी से अधिक आधार कार्ड कैसे बने हुए हैं? पिछले वर्ष अररिया में एक बंगलादेशी घुसपैठियों पकड़ा गया जिसके पास पश्चिम बंगाल के 24 परगना से बना आधार कार्ड और मतदाता पहचान पत्र था। बांग्लादेशी घुसपैठियों की लड़ाई केवल असम और बंगाल में नहीं बिहार के इन सीमांचल जिलों में भी रही है। क्या विरोधियों के दबाव में उन सबकी जांच नहीं होनी चाहिए? संविधान की धारा 326 चुनाव आयोग को भारतीय नागरिकों को मतदाता के रूप में अंकित करने का अधिकार देता है। हालांकि नागरिकता की पहचान चुनाव आयोग की जिम्मेवारी नहीं है। इसीलिए उसने गृह मंत्रालय को मामला स्थानांतरित किया है।

विरोधी चाहे इसे एनआरसी यानी राष्ट्रीय नागरिकता रजिस्टर को परोक्ष रूप से लागू करना माने या कुछ और किंतु भारतीय नागरिकों तक ही मतदान की व्यवस्था और पूरी मतदान प्रणाली की शुचिता तथा भारतीय सुरक्षा व्यवस्था की दृष्टि से सतर्कता आवश्यक है। एक बार मतदाता सूची का प्रारूप आ जाने दीजिए और देखिए कि कितने लोग पात्र लोग इससे वंचित होते हैं। अगर संख्या बहुत ज्यादा होती है तो उसके लिए आवश्यक कदम उठाए जाने चाहिए। जहां एक भी पात्र नागरिक सूची में स्थान पाने से वंचित नहीं हो वही एक भी अपात्र उसमें शामिल नहीं हो यह भी आयोग, राजनीतिक दलों, प्रशासन और हम सबका दायित्व है।

## बिहार में डोमिसाइल नीति लागू

विधानसभा चुनाव से ऐन पहले महिला मतदाताओं को लुभाने के लिए बिहार सरकार ने सरकारी नौकरियों में 35 प्रतिशत आरक्षण की बात की है। अब तक सभी महिलाओं को मिलने वाले इस आरक्षण पर नीतीश कैबिनेट ने डोमिसाइल नीति लागू की है। यह स्थानीय प्रमाणपत्र होता है। राज्य सरकारें इनके आधार पर स्थानीय युवाओं को सरकारी नौकरियों, शैक्षणिक संस्थानों और स्थानीय योजनाओं में प्राथमिकता देती हैं। इसके बाद अन्य राज्यों की महिलाएं भी सामान्य कोटे में आवेदन कर सकेंगी। यह व्यवस्था पहले ही हरियाणा, मप्र, हिप्र, राजस्थान और उत्तराखंड में लागू है। बिहार के युवा अन्य राज्यों की नीति के चलते नुकसान झेलने की बात करते रहे हैं। बैठक में कुल 43 एजेंडों पर मुहर लगी जिनमें युवा आयोग और दिव्यांगजन सिविल सेवा प्रोत्साहन योजना भी है। दिव्यांगों को प्रोत्साहित करने तथा पुरुष दिव्यांग अभ्यर्थियों को पिछड़ा, सामान्य और आर्थिक तौर पर कमजोर युवाओं के लिए यह योजना है। बिहार में 60 प्रतिशत जातीय–आर्थिक आरक्षण पहले से ही लागू है। 35 प्रतिशत मूल बिहारी महिलाओं के इस आरक्षण के बाद यह बढ़ कर 74 प्रतिशत पर पहुंच जाएगा जिसका सीधा असर अनारक्षित वर्ग पर पड़ेगा जिसके लिए बस 14 प्रतिशत सीटें ही बचेंगी। वर्तमान में राज्य में 18 प्रतिशत अतिपिछड़ा, 12 प्रतिशत अन्य पिछड़ा, 16 प्रतिशत एससी, एक प्रतिशत एसटी और ओबीसी महिलाओं का 3त्न आरक्षण लागू है। इसमें आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग का 10 प्रतिशत भी है। शीर्ष अदालत द्वारा आरक्षण की सीमा पर लगाम लगाने की नसीहतों को चुनौती देते हुए राज्य सरकारें चुनावी लाभ के लोभ में इस तरह की कवायद करती रहती हैं। समर्थकों और मतदाओं को लुभाने के आधार पर आरक्षण के जाल फेंकती हैं। विपक्ष का भी आरोप है कि मतदाताओं के रुझान का आभास होते ही नीतीश सरकार द्वारा यह दांव चला गया है। हालांकि देखने में आता है कि महिलाओं की लाभकारी योजनाओं का ऐलान करके पूर्ववर्ती सरकारों ने खासा चुनावी लाभ लिया था। मगर यह उन शिक्षित और जरूरतमंद महिलाओं के भविष्य के लिए बेहतर साबित हो सकता है, जो विभिन्न कारणों से नौकरी के लिए परिवार से दूर नहीं जा सकतीं। दिव्यांगों को सिविल सेवा के लिए तैयार करने की यह योजना यदि सार्थक रहती है, तो इसे देश के स्तर पर लागू करने के प्रयास भी होने चाहिए।

## इंडिया गठबंधन को तवज्जो नहीं

बिहार में चल रहे मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर इंडिया गठबंधन के विरोध को उच्चतम न्यायालय ने खास तवज्जो नहीं दी है, लेकिन कहा जा सकता है कि निर्वाचन आयोग के भी कान उमेठ दिए गए हैं।

न्यायालय ने आयोग को इस प्रक्रिया को पूर्ण करने से तो नहीं रोका लेकिन कहा कि किसी मतदाता की नागरिकता की जांच करना आयोग का नहीं अपितु गृह मंत्रालय का काम है। आयोग को इस प्रक्रिया में आधार, मतदाता पहचान पत्र और राशन कार्ड को वैध दस्तावेज के रूप में स्वीकार करने पर विचार करना चाहिए। पुनरीक्षण के समय पर भी न्यायालय ने सवाल उठाया। राज्य में इस वर्ष के अंत में विधानसभा चुनाव होने हैं। उससे ठीक पहले पुनरीक्षण की जरूरत क्या थी। हालांकि एसआईआर को संवैधानिक दायित्व मानते हुए न्यायालय ने आयोग को एसआईआर जारी रखने की अनुमति दी है। न्यायमूर्ति सुधांशु धूलिया और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने मतदान के अधिकार को महत्त्वपूर्ण अधिकार करार देते हुए कहा, हम किसी संवैधानिक संस्था को वह करने से नहीं रोक सकते जो उसका कर्त्तव्य है। पीठ ने एसआईआर का विरोध कर रहे पक्ष की सुनवाई की आवश्यकता को स्वीकार करते हुए इस अभियान को चुनौती देने वाली 10 से अधिक याचिकाओं पर सुनवाई के लिए 28 जुलाई की तारीख तय की है और आयोग से एक सप्ताह के भीतर जवाब देने को कहा है। आयोग के इस कथन को पीठ ने रिकॉर्ड में लिया कि एसआईआर के लिए जिन 11 दस्तावेज पर विचार करना था, उनकी सूची संपूर्ण नहीं थी और आदेश दिया कि निर्वाचन आयोग आधार कार्ड, मतदाता पहचान पत्र और राशन कार्ड जैसे तीन दस्तावेज पर भी विचार करे।


# मोबाइल के जरिए ई–मतदान

**प्रमोद भार्गव**

देशमें मतदान के प्रति अरुचि प्रत्येक चुनाव में देखने में आती रही है। रोगग्रस्त या लाचारों को तो छोड़िए, उच्च शिक्षित वर्ग भी मतदान के प्रति सबसे ज्यादा उदासीन रहता है। वैसे तो निर्वाचन आयोग मतदान का प्रतिशत और सुविधापूर्ण मतदान के लिए अनेक प्रयोग करता रहा है, लेकिन अब बिहार राज्य निर्वाचन आयोग ने नगर निकाय के उपचुनाव में पहली बार ई–वोटिंग का प्रयोग करके इतिहास रच दिया है। मोबाइल से ई–मतदान की सुविधा के चलते बिहार के इस चुनाव में 80.60 प्रतिशत और उपचुनाव में 58.38 प्रतिशत मतदाताओं ने मोबाइल के जरिए मतदान किया। पहली महिला ई–वोटर विभा कुमारी और पहले पुरुष मतदाता मुन्ना कुमार बने। राज्य निर्वाचन आयुक्त डॉ. दीपक प्रसाद ने मोबाइल से ई–मतदान कराए जाने की प्रेरणा यूरोपीय देश एस्टोनिया से ली थी।

चूंकि अब ई–वोटिंग का सफल प्रयोग हो चुका है, इसलिए भविष्य में इसका उपयोग बढ़ेगा। जो गर्भवती महिलाएं, बुजुर्ग, विकलांग, असाध्य रोगों से ग्रसित और अपने मतदान स्थल से दूर रहने वाले लोग मतदान से वंचित रह जाते थे, उन्हें अब लोकतंत्र के इस महायज्ञ में भागीदार बनने की आसान सुविधा मिल जाएगी। समस्या का सामाधान बिना अतिरिक्त खर्च के हो जाएगा। चूंकि मतदान केंद्रों पर विभिन्न दलों का जमावड़ा नहीं होगा इसलिए निष्पक्ष और शांतिपूर्ण मतदान की संभावना बढ़ जाएगी। मतदान की निजता भी प्रभावित नहीं होगी। मतदान के प्रतिशत में आशातीत सुधार तो होगा ही जातीय और सांप्रदायिक ध्रुवीकरण की संभावनाएं भी न्यूनतम हो जाएंगी। ई–वोटिंग का काम पूर्वी चंपारण जिले की नगर पंचायत पकड़ी दयाल के अलावा पटना, बक्सर, रोहतास, सारण और बांका में सी–डैक और एसईआर के जरिए किया गया था। बिहार के उपचुनाव में मोबाइल एप से ई–वोटिंग की प्रक्रिया प्रमाणित हो चुकी है। ई–वोटिंग को इसलिए भी अपनाया जाए क्योंकि पोस्टल वोटिंग का वैधानिक प्रावधान पहले से ही है। मतदान संपन्न कराने में जुटे कर्मचारी अपना वोट पोस्टल वोटिंग के जरिए ही देते हैं। अब कोई राजनीतिक दल और नेता बहाना नहीं बना सकता है कि इंटरनेट या बिजली की सुविधा दुर्गम क्षेत्रों में नहीं है। बिजली भले ही प्रत्येक गांव में न हो, लेकिन सौर ऊर्जा से बिजली और मोबाइल टॉवर गांव–गांव पहुंच गए हैं। इनके जरिए इंटरनेट की सुविधा हासिल कराई जा रही है। सौर जैसी वैकल्पिक ऊर्जा दूरदराज के गांवों में बिजली उपलब्ध करा रही है। फिर भी किसी गांव में बिजली नहीं है तो वहां ईवीएम के जरिए मतदान कराया जाए। हालांकि मोबाइल से ई–वोटिंग को लेकर कुछ नेता संदेह जता रहे हैं। उनका कहना है कि मोबाइल एप पर पंजीकरण में कठिनाई आएगी। गांव के प्रभावीशाली लोग दबाव बना कर फर्जी मतदान भी करा सकते हैं। चुनाव विशेषज्ञों का मानना है कि 45 करोड़ लोग पलायन के चलते मतदान से वंचित हो जाते हैं। इस नजरिए से प्रवासियों के लिए ई–वोटिंग उपयोगी है। हालांकि चुनाव सुधार की दृष्टि से चुनाव आयोग ने घर से दूर रहने वाले अर्थात दूरस्थ मतदाताओं के लिए रिमोट वोटिंग सिस्टम (आरवीएस) तैयार किया है। इस मशीन की मदद से मूल मतदान स्थल से दूर दूसरे राज्य या शहर में रहने वाले मतदाता लोक सभा और विधानसभा चुनाव में मत का प्रयोग कर सकते हैं यानी मतदान के लिए उन्हें अपने मूल निवास स्थल पर आने की जरूरत नहीं रह गई हैं। आयोग द्वारा इसे लागू करने से पहले आने वाली कानूनी, प्रशासनिक और तकनीकी चुनौतियों पर राजनीतिक दलों के विचार भी आमंत्रित किए जाएंगे। चुनाव सुधार की दृष्टि से यह पहल अमल में आती है तो ऐतिहासिक होगी। नतीजतन, उन 45 करोड़ लोगों को वोट डालने का अवसर मिलेगा जो अपने घरों से दूर रहते हैं। अनेक चुनाव विशेषज्ञ इस प्रणाली को क्रांतिकारी पहल मान रहे हैं। बेशक, आरवीएम की परिकल्पना क्रांतिकारी है। आईआईटी, मद्रास की मदद से 'मल्टी कॉन्स्टीचुएंसी रिमोट ईवीएमझ के रूप में ऐसा मतदान उपकरण तैयार किया गया है, जो एक रिमोट मतदान केंद्र से 72 निर्वाचन क्षेत्रों में प्रवासियों का मतदान कराने में सक्षम होगा। लोकतंत्र की मजबूती के लिए आदर्श स्थिति यही है कि हरेक मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करे।

# हिंदी में साम्राज्य नाम से रिलीज होगी किंगडम



विजय देवरकोंडा अपनी अगली फिल्म किंगडम से 31 जुलाई को बॉक्स ऑफिस पर कब्जा करने आ रहे हैं. फिल्म एनालिस्ट तरण आदर्श ने अपने सोशल मीडिया पोस्ट में बताया है कि फिल्म हिंदी में साम्राज्य नाम से रिलीज होगी. साथ ही बताया है कि किंगडम के हिंदी वर्जन साम्राज्य में रणबीर कपूर उनकी आवाज बनेंगे. किंगडम हिंदी में साम्राज्य एक स्पाई एक्शन ड्रामा फिल्म है, जिसे गौतम तिन्नौरी ने डायरेक्ट किया है. फिल्म में विजय के साथ–साथ सत्यदेव, भाग्यश्री बोर्से अहम रोल में होंगी. फिल्म का म्यूजिक अनिरुद्ध रविचंद्रर ने दिया है. फिल्म मूलरूप से तेलुगू में बनी हैं.

तरण आदर्श ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर विजय देवरकोंडा की फिल्म साम्राज्य का पोस्टर शेयर किया है और अपने पोस्ट के कैप्शन में लिखा है, विजय अपनी अगली फिल्म किंगडम जिसका हिंदी वर्जन टाइटल साम्राज्य है, से 31 जुलाई को धमाका करने आ रहे हैं, यह फिल्म वर्ल्डवाइड रिलीज होगी और इसका हिंदी वर्जन टाइटल साम्राज्य होगा, तेलुगु में जूनियर एनटीआर, हिंदी में रणबीर कपूर और तमिल वर्जन में सूर्या उनकी आवाज बनेंगे. फिल्म का निर्देशन गौतम तिन्नौरी ने किया है, जो इससे पहले फिल्म जर्सी बना चुके हैं. नागा वामसी और साई सौजन्या फिल्म के प्रोड्यूसर हैं.

# वैभव सूर्यवंशी का गोल्डन डक, ताकत ही बनी कमजोरी

नई दिल्ली। अंडर–19 यूथ टेस्ट मैच में भारतीय टीम का सामना इंग्लैंड से है। दूसरा यूथ टेस्ट मैच चेम्सफोर्ड में खेला जा रहा है। भारत को जीत के लिए 356 रन का लक्ष्य मिला है। हालांकि, लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत को बड़ा झटका लगा। वैभव सूर्यवंशी गोल्डन डक पर आउट हुए।

दूसरे यूथ टेस्ट मैच के चौथे दिन भारत को जीत के लिए 356 रन का मिला। इसके जवाब में भारत की शुरुआत बेहद खराब रही। पहली की पहली ही गेंद पर टीम के धाकड़ बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी गोल्डन डक हो गए। वह बिना खाता खोले पवेलियन लौटे। एलेक्स ग्रीन की गेंद पर वह आउट हुए।

**हताश और निराश होकर लौटे पवेलियन**

वैभव सूर्यवंशी पहली ही गेंद पर बड़ा शॉट मारने गए। उनकी यही ताकत उनके लिए घातक हो गई। गेंद ने बल्ले का मोटा किनारा लिया और विकेट से जा टकराई। आउट होने के बाद सूर्यवंशी हताश और निराश दिखे। वह काफी देर तक विकेट को ताकते रहे। उन्हें यकीन नहीं हो रहा था कि वह आउट कैसे हो गए।

पहली पारी में भी नहीं चला था बल्ला



पहली पारी में भी वैभव सूर्यवंशी का बल्ला नहीं चला था। वह 20 रन बनाकर एलेक्स ग्रीन का ही शिकार बने। हालांकि, कप्तान आयुष महात्रे और विहान मल्होत्रा ने टीम को संभाला था। महात्रे ने 80 रन तो विहान ने 120 रन की पारी खेली थी। इसकी मदद से भारत पहली पारी में 279 रन बना सका।

**324 रन पर इंग्लैंड ने घोषित की पारी**

इंग्लैंड अंडर–19 ने दूसरी पारी पांच विकेट के नुकसान पर 324 बनाकर घोषित कर दी। बी.जे. डॉकिन्स ने 136 रन बनाए। एडम थॉमस ने 91 रन का योगदान दिया। पहली पारी में मिली 31 रन की बढ़त के चलते इंग्लैंड ने भारत को 356 रन का लक्ष्य दिया।

# सन ऑफ सरदार 2 की रिलीज टली, सैयारा की दीवानगी देख पीछे हटे अजय देवगन?



मोहित सूरी के निर्देशन में बनी सैयारा बॉक्स ऑफिस पर पहले ही दिन इतना बड़ा धमाका कर लेगी, ये किसी ने नहीं सोचा था। शायद अजय देवगन ने भी नहीं। यही वजह है कि वह 18 जुलाई को सिनेमाघरों में आई सैयारा के ठीक 1 हफ्ते बाद यानी 25 जुलाई को सन ऑफ सरदार 2 लेकर आ रहे थे। हालांकि, अब सैयारा के लिए दर्शकों की बढ़ती दीवानगी देख उन्होंने अपने कदम पीछे खींच लिए हैं।

सन ऑफ सरदार 2 की रिलीज तारीख आगे बढ़ा दी गई है। यह फिल्म 25 जुलाई को सिनेमाघरों का दरवाजा नहीं खटखटाएगी। अजय देवगन फिल्म्स के बैनर तले बनी यह फिल्म अब 1 अगस्त को सिनेमाघरों में आएगी। सोशल मीडिया पर अभिनेता और निर्माता अजय देवगन ने यह ऐलान किया है। साझा किए गए पोस्ट में लिखा है, जस्सी पाजी और उनकी टोली आपको 1 अगस्त, 2025 को दुनियाभर के सिनेमाघरों में दिखाई देगी। निर्माताओं की मानें वो दर्शकों को एक बेहतरीन सिनेमाई अनुभव देना चाहते हैं।

## राशा थडानी को पसंद आई सैयारा, अहान पांडे और अनीत पड्डा की जोड़ी लगी शानदार

एक्टर अहान पांडे और अनीत पड्डा स्टारर सैयारा को दर्शकों के साथ ही फिल्म इंडस्ट्री के सितारों से भी खब प्यार मिल रहा है। इसके लिए फिल्म की टीम, खासकर लीड जोड़ी अहान पांडे और अनीत पड्डा को बधाइयां मिल रही हैं। अभिनेत्री राशा ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर उनकी जोड़ी को सराहा और दोनों की जोड़ी को शानदार बताया। 'आजादझ् से डेब्यू करने वाली अभिनेत्री राशा थडानी ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरीज पर 'सैयाराझ् की लीड जोड़ी की जमकर तारीफ की। उन्होंने अहान की तारीफ करते हुए लिखा, डियर, तुम चमकने के लिए बने हो! तुम खास हो, मुझे गर्व है कि दुनिया को तुम्हारा टैलेंट देखने को मिल रहा है। काश मैं कल वहां होती तुम्हें सपोर्ट करने और काश मैं प्रशंसकों का प्यार तुम्हारे लिए उमड़ते देखने के लिए वहां मौजूद होती, तुम इस प्यार–सम्मान के हकदार हो। राशा ने अनीत पड्डा की भी प्रशंसा की और लिखा, अनीत पड्डा, तुम्हें स्क्रीन पर देखकर बहुत अच्छा लगा, तुम जादू हो!

# इंग्लैंड में शुभमन गिल के साथ बदतमीजी, हरकतों से बाज नहीं आ रहे अंग्रेज

नई दिल्ली। भारत और इंग्लैंड के बीच खेली जा रही पांच मैचों की टेस्ट सीरीज में रोमांच कम नहीं है। दोनों टीमों के खिलाड़ी मैदान पर अपनी आक्रमकता दिखाने से बाज नहीं आते। लॉर्ड्स में खेले गए तीसरे टेस्ट मैच के तीसरे दिन दोनों टीमों के खिलाड़ियों में विवाद हो गया था। इसका असर चौथे टेस्ट मैच में भी देखने को मिला है और भारत के कप्तान शुभमन गिल के साथ बदतमीजी की गई है। तीसरे टेस्ट के तीसरे दिन जब आखिरी समय का खेल बचा था तो इंग्लैंड के बल्लेबाज जैक क्रॉली और बेन डकेट ने समय बर्बाद किया था। इसे लेकर भारतीय टीम के खिलाड़ियों को गुस्सा आ गया था। इसी को लेकर दोनों में विवाद हो गया था। इसके बाद गिल



इंग्लैंड टीम और इंग्लिश मीडिया के निशाने पर थे।

गिल के साथ बुरा व्यवहार

चौथे टेस्ट मैच से पहले भी लॉर्ड्स विवाद को लेकर काफी बातें की गईं और इसका असर मैनचेस्टर में आज से शुरू हुए चौथे टेस्ट मैच में भी दिखाई दिया है। भारत के कप्तान गिल जब बल्लेबाजी करने आए तो उनके साथ बदतमीजी भी की गई। ये हरक इंग्लैंड टीम के खिलाड़ियों ने नहीं बल्कि दर्शकों ने की। गिल ने जैसे ही मैदान पर कदम रखा वैसे ही दर्शक उनको चिढ़ाने लगे और वू करने लगे। इसे देख गिल भी हैरान रह गए।

जल्दी आउट हो गए गिल

गिल इस सीरीज में दमदार फॉर्म में हैं और एजबेस्टन में दोहरा शतक भी बना चुके हैं। चौथे टेस्ट में उनका बल्ला नहीं चला। इस बार वह इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स का शिकार बन गए। स्टोक्स की गेंद अंदर आई जिस पर गिल ने कोई शॉट नहीं खेला। गेंद सीधा पैड पर लगी और इंग्लैंड ने अपील कर दी। अंपायर रॉड टकर ने गिल को आउट दे दिया। भारतीय कप्तान ने रिव्यू लिया लेकिन वह उनके फेवर में नहीं गया। गिल 23 गेंदों पर एक चौके की मदद से 12 रन बनाकर आउट हो गए।

## एक नजर

### 27 जुलाई से शुरू होगा नागदेव मंदिर में पूजन

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : शहर के नागदेव मंदिर में 27 जुलाई से तीन दिवसीय वार्षिक पूजन व भंडारा आयोजित किया जाएगा। नागदेव मंदिर समिति के सदस्य मनोज बिष्ट, वीरेंद्र पंवार, राजेंद्र राणा, राजेंद्र रावत, सुनील, अनूप रावत ने बताया कि 27 जुलाई को शहर के लक्ष्मी नारायण नागराज मंदिर पूजन व डोली यात्रा, नागदेव मंदिर में गणेश पूजन, नाग देवता पूजन, कालसर्प दोष निवारण पूजन, 28 जुलाई को गणेश व नागदेव पूजन, 29 जुलाई को दैनिक पूजन के साथ ही यज्ञ की पूर्ण आहूती व भंडारे का आयोजन किया जाएगा। समिति ने वार्षिक पूजन व भंडारे को लेकर तैयारियां पूरी कर ली है।

### आज रहेगा जिले के आठ ब्लाकों में अवकाश

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : पंचायत चुनावों को लेकर जिलाधिकारी ने जिले के उन ब्लाकों में गुरुवार को अवकाश घोषित किया जहां पहले चरण में मतदान होना है। इसी तरह से दूसरे चरण में जिन ब्लाकों में चुनाव होगा वहां अवकाश 28 जुलाई को रहेगा। जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतदाताओं से अपील की है कि 24 और 28 जुलाई को अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करे।

अवकाश के संबंध में शासन और आयोग ने अधिसूचना के तहत जिला निर्वाचन अधिकारी पौड़ी स्वाति एस भदौरिया ने भी यह अधिसूचना जारी की है। पौड़ी जिले में पहले चरण के तहत आने वाले खिर्सू, पाबौ, थलीसैंण, बीरोंखाल, पोखड़ा, रिखणीखाल, नैनीडांडा और एकेश्वर ब्लाकों में आने वाले सभी शासकीय, अर्द्धशासकीय, शैक्षिक संस्थान, निकायों, वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों में कार्यरत कार्मिकों, कारीगरों, मजदूरों को मतदान के लिए गुरुवार को सार्वजनिक अवकाश दिया गया है। साथ ही इन ब्लाकों में आने वाले कोषागार भी बंद रहेंगे। इसी तरह से दूसरे चरण में होने वाले चुनावों के लिए 28 जुलाई को अवकाश घोषित किया गया है।

### नागरिक मंच का अनशन समाप्त

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : नागरिक मंच का कौड़िया स्थित नार्थ कार्बेट रिसोर्ट के संचालन को लेकर रिसोर्ट परिसर में चल रहा क्रमिक अनशन प्रशासन के आश्वासन के बाद समाप्त हो गया है। बता दें कि पिछले कुछ दिनों से मंच के सदस्य रिसोर्ट के संचालन को लेकर अनशन पर बैठे हुए थे। सदस्यों का कहना था कि करोड़ों का बजट खर्च करने के बाद भी देखरेख के अभाव में रिसोर्ट का भवन खंडहर बनता जा रहा है। मंच अध्यक्ष सी.पी नैथानी ने बताया कि मंच के अनशन को देखते हुए उपजिलाधिकारी ने रिसोर्ट परिसर का निरीक्षण किया और इसकी रिपोर्ट जिलाधिकारी को भेजी। जिलाधिकारी के इस संबध में सकारात्मक कार्रवाई करने के आश्वासन के बाद मंच ने अनशन समाप्त कर दिया है।

### चमोली में 1 लाख 4 हजार 715 मतदाता प्रथम चरण में करेंगे मतदान

जयन्त प्रतिनिधि। चमोली : राज्य निर्वाचन आयोग के निर्धारित कार्यक्रम के तहत 24 जुलाई को जनपद चमोली के 258 मतदेय स्थलों पर मतदान किया जाएगा। प्रथम चरण में ज्योतिर्मठ, देवाल, थराली और नारायणबगड़ विकासखंडों में 9 जिला पंचायत सदस्य, 91 क्षेत्र पंचायत सदस्य, 232 ग्राम प्रधान और 1662 सदस्य ग्राम पंचायत पदों के लिए मतदान किया जाएगा।

चमोली जिले में ज्योतिर्मठ, देवाल, थराली और नारायणबगड़ में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के लिए कुल 1 लाख 4 हजार 715 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगें। चारों विकासखंडों में 50 हजार 690 महिलाएं और 54 हजार 25 पुरुष मतदाता हैं। जिनमें से देवाल में 11 हजार 50 महिलाएं व 11 हजार 897 पुरुष, थराली 12 हजार 139 महिलाएं, 12 हजार 663 पुरुष, ज्योतिर्मठ में 13 हजार 211 महिलाएं, 13 हजार 843 पुरुष और नारायणबगड़ विकास खंड में 14 हजार 290 महिलाएं व 15 हजार 622 पुरुष मतदाता हैं। इनमें 1789 मतदाता 80 वर्ष से अधिक आयु के हैं।

जबकि इन सभी विकास खंडों में निर्वाचन कार्यालय की ओर से 447 दिव्यांग मतदाताओं को चिन्हित किया गया है। वहीं समाज कल्याण विभाग की ओर से मतदान की सुविधा हेतु पंजीकृत दिव्यांग और 80 वर्ष से अधिक आयु के मतदाताओं के सहयोग के लिए आशा, आंगनवाडी, एनसीसी और एनएसएस कैडेट्स स्वयं सेवक के रुप में तैनात किए गए हैं। साथ ही सड़क मार्ग पर स्थित मतदेय स्थलों पर मतदान केंद्र तक आने जाने के लिए वाहनों की भी व्यवस्था की गई है।

# छात्रों ने लिया शत प्रतिशत मतदान करवाने का संकल्प

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : एकेश्वर ब्लॉक के पब्लिक इंटर कॉलेज सुरखेत की निर्वाचन साक्षरता क्लब की पहल पर ह्यहरेला का संदेश, वोट बने विशेषह्न थीम पर आयोजित मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं को उत्तरखण्ड में 24 और 28 जुलाई 2025 को होने जा रहे त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन में प्रत्येक मतदाता की शत-प्रतिशत भागीदारी करवाने के प्रति जागरूक किया गया।

विद्यालय के प्रधानाचार्य पुष्कर सिंह नेगी ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रथम चरण में 24 जुलाई को जनपद पौड़ी के आठ विकासखंडों खिर्सू, पाबौं, एकेश्वर, पोखड़ा, थलीसैंण, बीरोंखाल, नैनीडांडा और रिखणीखाल में ग्राम पंचायत सदस्य, ग्राम प्रधान, क्षेत्र पंचायत सदस्य और जिला पंचायत सदस्यों के लिए मतदान होना है, जबकि दूसरे चरण में 28 जुलाई को शेष सात विकासखंडों




पौड़ी, कोट, कल्जीखाल, द्वारीखाल, जयहरीखाल, दुगड्डा और यमकेश्वर में चुनाव होने हैं। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने मतदाता शपथ लेकर अपने परिवार और पास पड़ोस के सभी मतदाताओं से अनिवार्य रूप से मतदान करवाने तथा वृद्ध, असहाय और दिव्यांग मतदाताओं को पोलिंग बूथ तक पहुंचाने का संकल्प लिया।

### राशन कार्ड का सत्यापन कराना जरूरी


जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : जिला प्रशासन की ओर से उपभोक्ताओं के राशन कार्ड का सत्यापन अभियान चलाया जा रहा है। इसके अंतर्गत बाहरी व अपात्र लोगों के राशन कार्डों को निरस्त किया जा रहा है। विभाग के अधिकारियों के अनुसार जिन कार्ड धारकों की मासिक आय पात्रता से अधिक है वे स्वयं कार्यालय में स्वयं प्रार्थना पत्र जमा कर अपने राशन कार्ड को निरस्त करवा सकते हैं।

कोटद्वार के क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी करण क्षेत्री ने बताया कि राशन कार्ड योजना में पांच लाख रूपये से कम आय वालों को राज्य खाद्य योजना के अंतर्गत पीला, पंद्रह हजार रूपये मासिक से कम आय वालों को राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के अंतर्गत सफेद व दिव्यांग पेंशन की पात्रता वाले और चार हजार रूपये मासिक आय से कम आय वालों को अन्त्योदय के अंतर्गत गुलाबी राशन कार्ड प्रदान किया गया है। संबधित कार्ड धारकों को राशन कार्ड के सत्यापन के लिए तहसीलदार द्वारा जारी नवीन आय प्रमाण पत्र और परिवार रजिस्टर की नकल को अपने सस्ता गल्ला विक्रेता के पास जमा कराना होगा। बताया कि जिन कार्ड धारकों की मासिक आय पात्रता से अधिक है वे स्वयं कार्यालय में स्वयं प्रार्थना पत्र जमा कर अपने राशन कार्ड को निरस्त करवा सकते हैं।

# पंचायत चुनाव के लिए 643 पोलिंग पार्टियां रवाना

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : पहले चरण के पंचायत चुनावों के लिए बुधवार को 643 पोलिंग पार्टियों को संबंधित ब्लाक मुख्यालय से रवाना किया गया। पौड़ी जिले के आठ ब्लाकों में पहले चरण के लिए गुरुवार को वोट डाले जाएंगे। जिसमें पाबौ, खिर्सू, थलीसैंण, एकेश्वर, बीरोंखाल, नैनीडांडा, रिखणीखाल और पोखड़ा ब्लाक शामिल है। पहले चरण में 241499 मतदाता इन प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला करेंगे। इसमें 124616 पुरुष और 116883 महिला मतदाता शामिल हैं।पंचायत चुनावों को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न करने के लिए पुलिस प्रशासन भी मुस्तैद है। संवेदनशील बूथों पर सुरक्षा के इंतजाम किए गए है। पहले चरण में जिले की 22 जिला पंचायत सदस्यों सीटों के साथ ही 195 बीडीसी और ग्राम प्रधान की 509 सीटों के लिए चुनाव होगा। जिला निर्वाचन अधिकारी पौड़ी स्वाति एस भदौरिया ने बुधवार को पाबौ ब्लाक मुख्यालय में चुनाव तैयारियों और पोलिंग पार्टियों की रवानगी का जायजा लिया। इसके साथ ही यहां बनाएं गए स्ट्रांग रूम व मतगणना केंद्र की व्यवस्थाएं भी देखी। मतदान कर्मियों के खाने व ठहरने की उचित व्यवस्था करने के भी निर्देश बीडीओ और आरओ को दिए। उन्होंने कहा कि रिजर्व पोलिंग पार्टियों व बूथों से लौटने वाले मतदान कर्मियों सहित सुरक्षा बलों के रहने की उचित व्यवस्था कर ली जाए। पीठासीन अधिकारियों को मतपेटियों को सुरक्षित रखने और मतदान के लिए दी गई सामग्री की चेक लिस्ट से मिलान करने को कहा। आरओ पूरी निर्वाचन प्रक्रिया को पारदर्शिता, शांतिपूर्ण तरीके से कराएं। सेक्टर मजिस्ट्रेटों से चुनाव के दौरान किसी भी तरह की समस्या आने पर तत्काल समाधान करने के लिए कहा गया। सभी एसडीएम लगातार फील्ड में रहे और निगरानी करे। वहीं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पौड़ी लोकेश्वर सिंह ने भी पुलिस अफसरों को चुनाव ड्यूटी में पूरी सतर्कता बरतने को कहा है।

# बंदरों के आतंक से नगरवासी परेशान



जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : कोटद्वार नगर निगम के अंतर्गत विभिन्न वार्डों के लोग इन दिनों बंदरों के आतंक से परेशान हैं। लोग कई बार बंदरों के आतंक से निजात दिलाने की मांग कर चुके है, लेकिन इस ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। लोगों ने वन विभाग से बंदरों के आतंक से निजात दिलाने की मांग की।

कोटद्वार नगर निगम के शिवपुर क्षेत्र के डिग्री कालेज रोड व झगड़ सिंह कालोनी में आए दिन बंदर व लंगूर आतंक मचा रहे हैं। इस कारण छात्र-छात्राओं को विद्यालयों को आने जाने में खासी परेशानी हो रही है। साथ ही वे पेड़ पौधों को भी भारी नुकसान पहुंचा रहे है। बंदरों का घरों में घुसकर नुकसान करना आम बात हो गई है। बंदरों के डर से लोग कपड़े बाहर सुखाने में भी डरने लगे हैं। बंदर अभी तक कई लोगों को घायल भी कर चुके हैं। इस संबध में डीएफओ आकाश गंगवार ने बताया कि विभाग की ओर से पिंजरा लगाकर बंदरों को पकड़ने की कोशिश की जा रही है। बंदरों को पकड़ कर आबादी क्षेत्र से बाहर छोड़ा जायेगा, ताकि वे फिर से आबादी में प्रवेश न कर सकें।

## गुलदार ने दुधारू गाय को बनाया निवाला

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : विकासखंड थलीसैंण में गुलदार का आतंक थमने का नाम नहीं ले रहा है। आये दिन गुलदार पशुओं को निवाला बना रहा है। बुधवार को गुलदार ने ग्राम पोखरी में दुधारू गाय को निवाला बना दिया है। जिससे लोग दहशत में है। ग्रामीणों ने वन विभाग से पशु पालक को जल्द ही उचित मुआवजा देने की मांग की है। ग्राम प्रधान मनोज पोखरियाल ने बताया कि ग्राम पोखरी निवासी घनानंद धस्माना की दुधारू गांव के पास चारा पत्ती खा रही थी। इसी दौरान गुलदार ने गाय पर हमला कर मार दिया। बताया कि घटना की सूचना वन विभाग थलीसैंण को दे दी है। बताया कि इससे पहले भी गुलदार ने कई पशुओं पर हमला कर मार दिया है। दिन दहाड़े गुलदार गांव के नजदीक घूम रहा है, जिससे लोग दहशत में है। उन्होंने वन विभाग से गुलदार के आतंक से निजात दिलाने की मांग की है।

# पौधा रोपण कर पर्यावरण संरक्षण का लिया संकल्प

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : श्री गुरु गोरखनाथ पर्यावरणीय संरक्षण एवं संवर्धन समिति की ओर से बुधवार को दुगड्डा ब्लाक के राजकीय कन्या उच्च प्राथमिक विद्यालय और देवीखाल के ग्राम बादकोट में पौध रोपण किया गया।

इस दौरान आम, अमरूद, अनार, कटहल, हरड़ और बहेड़ा आदि के पौधे रोपकर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया गया। वक्ताओं ने कहा कि मानव जीवन में वनों को महत्वपूर्ण स्थान है, वन है तो जीवन है। इसलिए लोगों को अधिक से अधिक पौधों का रोपण कर उनकी सुरक्षा करनी चाहिए।

इस मौके पर समिति महासचिव सतीश चंद्र शर्मा ने कहा कि वर्तमान में पर्यावरण में लगातार परिवर्तन हो रहे हैं। पौध रोपण करने से ही इस तरह के परिवर्तनों से बचा जा सकता है।



इसलिए सभी को अपने जीवन में पौध रोपण अवश्य करना चाहिए। कहा कि समिति की ओर से क्षेत्र के धार्मिक स्थानों और विद्यालयों में लगातार पौध रोपण करते हुए लोगों को इस संबध में जागरूक भी किया जा रहा है। इस दौरान अशोक नेगी, मोहन सिंह नेगी, बलबीर सिंह बिष्ट, प्रधानाध्यापक देवेन्द्र सिंह रावत, मनेंद्र सिंह रावत, आशीष गौड़, शशिबाला, बहादुर सिंह मेहरा, एसएन पोखरियाल, सुनील नेगी, प्रकाश चंद्र आदि मौजूद रहे।

# अब तक नीलकंठ कांवड मेले में 63 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने किया जलाभिषेक

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : नीलकंठ कांवड़ मेले में शिवरात्रि लेकर श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। मंदिर परिसर में बड़ी संख्या में शिव भक्त कांवड़ लेकर पहुंचे और शिवालय में जलाभिषेक किया। बुधवार को श्रद्धालुओं की तादाद भी करीब 6 लाख रही। पुलिस ने नीलकंठ मेला क्षेत्र में श्रद्धालुओं की सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए है। मेला क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर बैरियर लगे हैं।



हर साल श्रावण मास में नीलकंठ मेले में बड़ी तादाद में श्रद्धालु उत्तराखंड से लेकर दिल्ली, उत्तर प्रदेश और हिमाचल के विभिन्न हिस्सों से आते हैं। अभी तक नीलकंठ कांवड मेले में 63 लाख से अधिक श्रद्धालु जलाभिषेक के लिए पहुंचे हैं। साथ ही श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए कंट्रोल रूम भी स्थापित है। इसके साथ ही यहां यातायात से लेकर अन्य सुविधाओं के लिए विभिन्न विभगों के कार्मिक भी तैनात है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पौड़ी लोकेश्वर सिंह ने बताया कि नीलकंठ में कांवड़ मेला शांतिपूर्ण ढंग से संचालित हो रहा है। श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए पूरे इंतजाम किए गए है। श्रावण मास में करीब एक महीने चलने वाले नीलकंठ मेले में श्रद्धालु हर साल बड़ी तादाद में पहुंचते है। बीते साल हालांकि श्रद्धालुओं की संख्या 55 लाख श्रद्धालु आए थे। 2023 में यहां 70 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने दर्शन किए।

## पालिका ने हटाएं दस अस्थाई अतिक्रमण

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : बुधवार को पालिका प्रशासन ने शहर में अस्थई अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाया। इस दौरान करीब 10 अस्थाई अतिक्रमण हटाए गए। अचानक हुई कार्रवाई से अतिक्रमण करने वालों में हड़कंप मच गया। ईओ ने बताया कि पालिका प्रशासन द्वारा अवैध अतिक्रमण के खिलाफ आगे भी कार्रवाई जारी रहेगी। अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। नगर पालिका के ईओ शांति प्रसाद जोशी ने बताया कि बीते दिनों शहर में एसडीएम के नेतृत्व में टीम ने अस्थाई अतिक्रमण चिह्नत किया था। अस्थाई अतिक्रमणों को हटाने की कार्रवाई शुरू कर दी है। बताया कि यातायात व्यवस्था में बाधा बन रहे अस्थाई अतिक्रमण के खिलाफ पालिका प्रशासन द्वारा कार्रवाई की जा रही है। करीब 10 अस्थाई अतिक्रमणों के खिलाफ उन्हें हटाने की कार्रवाई की गई है।

# छात्रों को आत्म-अभिव्यक्ति और प्रस्तुति कौशलों की जानकारी दी

श्रीनगर गढ़वाल : हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विवि के शिक्षा विभाग में आयोजित पांच दिवसीय जीवन कौशल एवं व्यक्तित्व विकास कार्यशाला बुधवार को सम्पन्न हुई। जीवन के विविध पहलुओं से संबंधित व्यवहारिक एवं मानसिक कौशलों का विकास करने के उद्देश्य से आयोजित कार्यशाला में विश्वविद्यालय के इंटीग्रेटेड बीएड के द्वितीय सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं ने बढ़चढ़ कर प्रतिभाग किया। कार्यशाला के प्रथम सत्र का संचालन करते हुए शिक्षा विभाग के डॉ. शंकर ने सोशल मीडिया के प्रभाव विषय पर गहन चर्चा की। उन्होंने सोशल मीडिया के सकारात्मक और नकारात्मक प्रभावों के साथ-साथ इसके विवेकपूर्ण प्रयोग पर जोर दिया। डॉ. अनु राही ने छात्रों को आत्म-अभिव्यक्ति और प्रस्तुति कौशलों के बारे में जानकारी दी। योग विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. अनुजा रावत द्वारा तनाव प्रबंधन मेडिटेशन एवं प्राणायाम पर अनुभवात्मक सत्र का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों को मानसिक शांति बनाए रखने के व्यावहारिक सुझाव प्रदान किए गए। कार्यशाला की संरक्षक प्रो. रमा मैखुरी ने बताया कि पांच दिनों तक चली कार्यशाला में साइबर सुरक्षा, डिजिटल कौशल, सामाजिक शिष्टाचार, आत्मविकास, साक्षात्कार तैयारी, टीम निर्माण और सकारात्मक दृष्टिकोण जैसे अनेक विषयों को विद्यार्थियों के जीवन में उतारने का प्रयास किया गया। बताया कि कार्यशाला ने न केवल छात्रों के संवाद, प्रस्तुति और व्यवहारिक क्षमताओं को सशक्त किया, बल्कि उनके समग्र व्यक्तित्व विकास की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण आधार प्रदान किया है। इस मौके पर कार्यशाला की संयोजक प्रो. सीमा धवन, डॉ. सुमन लता, डॉ. सपना सेन आदि मौजूद थे। (एजेंसी)

## सरस्तवी विद्या मंदिर मांडूवाला के तीन विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक से नवाजा

विकासनगर। सरस्वती विद्या मंदिर सीनियर सेकेंडरी स्कूल मांडूवाला के हाईस्कूल बोर्ड परीक्षा में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले तीन मेधावी विद्यार्थियों को लायंस ओलंपियाड दिल्ली की ओर से स्वर्ण पदक से सम्मानित किया गया। बुधवार को विद्यालय में आयोजित सम्मान समारोह में छात्रों को पदक दिए गए। प्रधानाचार्य राकेश मेंदोला ने विद्यालय के तीन विद्यार्थियों भावना बिष्ट, अंश भारद्वाज और अक्षत शर्मा को स्वर्ण पदक से सम्मानित किया गया। कहा कि यह हमारे विद्यालय के लिए गर्व का विषय है।


## सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे ड्राईविंग लाईसेंस संख्या UK-1520020028874 में मेरा नाम हरि मोहन भारद्वाज पुत्र स्व0 श्री शिरो मणि भारद्वाज अंकित हो गया है, जो कि गलत है, जबकि मेरा सही व वास्तविक नाम हरि मोहन पुत्र स्व0 श्री शिरो मणि भारद्वाज है, जो कि मेरे पासपोर्ट सहित अन्य दस्तोवजों में अंकित है। अतः मेरे ड्राईविंग लाईसेंस संख्या UK-1520020028874 में मेरा सही व वास्तविक नाम नाम हरि मोहन पुत्र स्व0 श्री शिरो मणि भारद्वाज अंकित किया जाय।

**हरि मोहन पुत्र स्व0 श्री शिरो मणि भारद्वाज निवासी लेन नंबर–2, शिव शक्ति कॉलोनी, शिवराजपुर, पट्टी मोटाढाक, तहसील कोटद्वार, जनपद पौड़ी गढ़वाल, उत्तराखण्ड।**

(1123/21)


# मतगणना कार्मिक पूरे मन से और जिम्मेदारी के साथ काम करें

## गोपेश्वर में मतगणना कार्मिकों का प्रशिक्षण सम्पन्न

**जयन्त प्रतिनिधि।**

चमोली : गोपेश्वर पीजी कॉलेज में बुधवार को पंचायत चुनाव के लिए मतगणना कर्मियों का प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया। इस शिविर में 400 कर्मचारियों को मतगणना का प्रशिक्षण दिया गया। ट्रेनरों ने सभी कर्मचारियों को व्यवहारिक प्रशिक्षण दिया और मतगणना से जुड़ी सभी जरूरी जानकारी दी।

मुख्य विकास अधिकारी/उप जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. अभिषेक त्रिपाठी ने प्रशिक्षण शिविर में मौजूद सभी कर्मचारियों को दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि पंचायत चुनाव की मतगणना एक बहुत ही जिम्मेदारी भरा काम है। इसमें पूरी ईमानदारी, सावधानी और ध्यान देने की जरूरत होती है। उन्होंने कहा कि सभी कर्मचारी मतगणना की प्रक्रिया को सही ढंग से समझ लें और किसी भी गलती से बचें। परियोजना निदेशक आनंद सिंह भाकुनी ने बताया कि हर कर्मचारी को यह पता होना चाहिए कि मतों की गिनती कैसे होती है, कौन-कौन से फॉर्म भरने होते हैं और अंतिम नतीजे कैसे तैयार किए जाते हैं। उन्होंने सभी से कहा कि पूरे मन से और जिम्मेदारी के साथ काम करें, ताकि चुनाव पूरी तरह से पारदर्शी और शांतिपूर्ण तरीके से पूरा हो सके। इस मौके पर जिला शिक्षा अधिकारी श्रीकांत पुरोहित और ट्रेनर आत्म प्रकाश डिमरी, जयदीप झिंक्वाण, केसी पंत, खीम सिंह, दिगपाल रावत, चंदन पंवार जेएस रावत आदि उपस्थित रहे।



# बंदरों के आतंक से निजात दिलाने की लगाई गुहार

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : शहर में बंदरों के आतंक से शहरवासी परेशान हैं। नागरिक कल्याण एवं जागरूक विकास समिति ने प्रशासन से शहरवासियों को बंदरों के आतंक से निजात दिलाने की मांग की है। कहा कि समिति पिछले लंबे समय से नगर पालिका व वन विभाग से समस्या के निराकरण की मांग कर रहे है, लेकिन दोनो विभाग कोई कार्रवाई नहीं कर रहे हैं।बुधवार को समिति ने नगर पालिकाध्यक्ष व गढ़वाल वन प्रभाग के प्रभागीय वनाधिकारी को ज्ञापन देकर जल्द ही बंदरों के आतंक से निजात दिलाने की मांग की। ज्ञापन देते हुए समिति के अध्यक्ष रघुवीर सिंह रावत, सचिव गब्बर सिंह नेगी ने कहा



कि शहर में पिछले लंबे समय से बंदरों का आंतक बना हुआ है। बताया कि बीते दिनों बंदरों ने लक्ष्मीनारायण मोहल्ले, जिला अस्पताल मोहल्ले के पास हमला कर 7 लोगों को हमला कर घायल कर दिया। इस मौके पर झबर सिंह रावत, मकान सिंह रावत, भगवान सिंह, पदमेंद्र बिष्ट, पुष्कर सिंह रावत, प्रशांत नेगी, नेत्र सिंह रावत आदि मौजूद रहे।


## सूचना

सूचित किया जाता है कि खाता खतौनी सं0-10, खेत सं0–12/2, 58/1, 59/2, 61/2 मध्ये ग्राम मगनपुर, पट्टी हल्दूखाता, जिला पौड़ी गढ़वाल रक्वा 1700 वर्ग फीट जिसकी सीमायें निम्न प्रकार है - पूरब में शोभा देवी का प्लाट, पश्चिम में 15 फीट का रास्ता, उत्तर में यशपाल सिंह का प्लाट, दक्षिण में गंगा सिंह की भूमि। के सम्बंधित मूल विक्रय विलेख जो कि पूर्व स्वामी गंगा सिह नेगी पुत्र श्री भूपाल सिंह ग्राम नानसू, पट्टी कफोलस्यू, पौड़ी गढ़वाल ने उक्त सम्पत्ति विक्रय पत्र दिनांक 16.07.2010 को सोहन सिंह पुत्र श्री माधो सिंह ग्राम मगनपुर, पट्टी हल्दूखाता, पौड़ी गढ़वाल से क्रय की थी जो विक्रय पत्र कार्यालय सब रजिस्ट्रार कोटद्वार में बही सं0–1, जिल्द सं0-269, पृष्ठ सं0-107 में दस्तावेज संख्या 2476 को दिनांक 16.07.2010 को विधिवत पंजीकृत दर्ज है। मूल विक्रय पत्र वास्तव में कहीं खो गये हैं जो काफी तलाश करने के बाद भी नहीं मिले हैं। जिसके सम्बंध में सम्पत्ति के वर्तमान स्वामी भागीरथ सिंह पुत्र भी दयाल सिंह ने पुलिस चौकी कोटद्वार में सूचना दिनांक 21–07–2025 को जी0डी0सं0 351714 को दर्ज करा दी है और वर्तमान में मैं भागीरथ सिंह पुत्र दयाल सिंह अपनी सम्पत्ति को भारतीय स्टेट बैंक की शाखा किशनपुर, जिसका शाखा कोड 11414 है में भूमि बंधक रखकर ऋण प्राप्त करने का इच्छुक हूं। यदि किसी को आपत्ति हो तो वह प्रकाशन के 7 दिनों के भीतर संपर्क करें।

**भागीरथ सिंह पुत्र दयाल सिंह ग्राम मगनपुर, किशनपुर, कोटद्वार।**

(1122/21)


# शोध कार्य में अंतर्विभागीय समन्वय को बढ़ावा दिया जाय

श्रीनगर गढ़वाल : वीर चंद्र सिंह गढ़वाली आयुर्विज्ञान संस्थान, श्रीनगर में मल्टी-डिसिप्लिनरी रिसर्च यूनिट (एम.आर.यू.) में चल रहे शोध कार्यों की निदेशक, चिकित्सा शिक्षा एवं संस्थान के प्राचार्य डॉ. आशुतोष सयाना ने गहन समीक्षा की। बतौर एग्जीक्यूटिव समिति के अध्यक्ष, डॉ. सयाना ने समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए चालू रिसर्च प्रोजेक्ट्स के तकनीकी पहलुओं, वित्तीय स्थिति, शोध प्रशिक्षण और विभागीय योगदान पर विस्तृत चर्चा की। बैठक में डॉ. सयाना ने शोध कार्य की दिशा में महत्वपूर्ण निर्देश देते हुए कहा कि अंतर्विभागीय समन्वय को बढ़ावा दिया जाय। संस्थान के विभिन्न विभागों में आपसी तालमेल और अन्य शैक्षणिक/वैज्ञानिक संस्थानों के साथ साझा शोध को गति देने की आवश्यकता जताई गई।

हिमालय क्षेत्र की दुर्लभ औषधीय वनस्पतियों पर आधारित हर्बल रिसर्च प्रोजेक्ट्स को प्राथमिकता देते हुए, उनके सक्रिय तत्वों का वैज्ञानिक अध्ययन और अन्य संस्थाओं के साथ संयुक्त प्रयासों पर बल दिया गया। स्थानीय पारंपरिक ज्ञान को वैज्ञानिक मान्यता पर फोकस करते हुए उत्तराखण्ड की पीढ़ियों से चली आ रही पारंपरिक चिकित्सा विधियों और जीवनशैली का संकलन कर उसे स्वास्थ्य सेवाओं में एकीकृत करने की दिशा में कार्य करने के निर्देश दिए गए।

# चमोली के 258 मतदेय स्थलों पर सकुशल पहुंची पोलिंग पार्टियां

## चमोली में आज होगा प्रथम चरण का मतदान

जयन्त प्रतिनिधि। चमोली : त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के लिए 24 जुलाई को होने वाले मतदान के लिए जिले के सभी 258 मतदेय स्थल पर सभी पोलिंग पार्टियां पहुंच गई है। बुधवार को विभिन्न विकास खंड मुख्यालयों से 164 पोलिंग पार्टियों को रवाना किया गया।

चमोली जनपद में राज्य निवचन आयोग की ओर से निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार प्रथम चरण में 258 मतदेय स्थलों पर मतदान होगा। जिसके लिए जिला प्रशासन की ओर से सोमवार को जनपद के पांच दूरस्थ मतदेय स्थलों की पोलिंग पार्टियों को रवाना किया गया था। जिसके मंगलवार को 89 पोलिंग पार्टियों को मतदेय स्थलों के लिए रवाना किया गया था। इसी क्रम में बुधवार को 164 पोलिंग पार्टियों को मतदेय स्थलों के लिए प्रातः रवाना कर दिया गया था। प्राप्त जानकारी के अनुसार सभी पोलिंग पार्टियां सकुशल मतदेय स्थलों पर पहुंच गई है। बुधवार को ज्योतिर्मठ से 8, नारायणबगड़ से 73, थराली से 47 और देवाल से 36 पोलिंग पार्टियों को रवाना किया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी संदीप तिवारी ने कहा कि 24 जुलाई को जनपद में होने वाले मतदान के लिए मतदेय स्थलों पर सभी व्यवस्थाएं की गई हैं। साथ ही जनपद में सुचारु मतदान के लिए सुरक्षा के भी पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। उन्होंने सभी मतदाताओं से अपने मताधिकार का अवश्य प्रयोग करने की अपील भी की है।



## संक्षिप्त समाचार

### परिजनों का हंगाम करने के बाद दर्ज हुआ ससुराल पक्ष पर मुकदमा

हरिद्वार। पथरी के गांव कटारपुर में हुई महिला की मौत के बाद पुलिस ने मृतका के परिजनों की शिकायत पर ससुराल पक्ष के लोगों पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। आरोपी है कि महिला का पति आए दिन उसके साथ मारपीट करता रहता था। इससे परेशान होकर उसने जहरीला पदार्थ पी लिया है। महिला के परिजनों के थाने पर हंगामा करने के बाद ही पुलिस ने केस दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार पथरी के गांव कटारपुर में बीते रविवार को एक महिला ज्योति 25 वर्ष पत्नी अंकित ने गृह क्लेश के चलते जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया था। महिला की हालत बिगने पर परिजनों को इसकी जानकारी हुई तो वह उसे आननफानन में हरिद्वार अस्पताल में ले गए। उपचार के दौरान चिकित्सकों ने महिला को मृत घोषित किया।

### कर्मचारियों के धरने को सेवानिवृत्त शिक्षकों ने दिया समर्थन

हरिद्वार। गुरुकुल कांगड़ी समविश्वविद्यालय में कर्मचारियों का धरना 16 दिन भी जारी रहा। बुधवार को सेवानिवृत्त शिक्षकों ने धरने स्थल पर अपना समर्थन दिया। विश्वविद्यालय के सेवानिवृत्त शिक्षक प्रो. श्रवण कुमार शर्मा ने कहा कि प्रबन्धन तंत्र के पदाधिकारी संस्थान को निजीकरण की तरफ ले जाना चाहते हैं। शिक्षकेत्तर कर्मचारी तड़पती धूप में भी हड़ताल पर हैं। शिक्षकेत्तर कर्मचारी यूनियन के अध्यक्ष रजनीश भारद्वाज और महामंत्री नरेन्द्र मलिक ने कहा कि विश्वविद्यालय को बचाने के लिए कोर्ट में मुकदमा दायर किया गया है। इसकी सुनवाई चल रही है। इसमें निश्चित ही विश्वविद्यालय के कर्मचारियों को न्याय मिलेगा।

### श्यामपुर में नाले की सफाई न होने से फिर जलभराव का खतरा

हरिद्वार। श्यामपुर नौवाबाद में बरसात शुरू होते ही जलभराव का खतरा फिर मंडराने लगा है। ग्रामीणों ने नाले की सफाई और स्थायी पीचिंग निर्माण को लेकर जिलाधिकारी और राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के प्रबंधक को पत्र भेजा है। ग्रामीणों ने बताया कि राष्ट्रीय राजमार्ग–74 पर श्यामपुर क्षेत्र से सटे हिस्से में लोक निर्माम विभाग की ओर से आपदा प्रबंधन योजना के तहत पीचिंग का कार्य कराया गया था, जो सिंबल स्रोत के पास तक फैला हुआ है। लेकिन इस कार्य में उपयोग की गई मिट्टी बरसात में बहकर पास के नाले में जमा हो गई है, जिससे नाला पूरी तरह जाम हो गया है। ऐसे में गांव में बरसाती पानी घुसने का खतरा बना हुआ है।

### दिव्यांगजनों को बूथ तक पहुंचाने को सहायक नोडल अधिकारी तैनात

नैनीताल। पंचायत चुनाव के पहले चरण की मतदान प्रक्रिया आज चलेगी। दिव्यांग मतदाताओं को बूथ तक पहुंचाने और लाने का जिम्मा नोडल अधिकारियों को सौंपा है। जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) नैनीताल वंदना के निर्देशानुसार जिले के सभी विकासखंडों में सहायक नोडल अधिकारियों की नियुक्ति की गई है। ये अधिकारी दिव्यांग मतदाताओं को उनके निवास स्थान से मतदान केंद्र तक सुरक्षित पहुंचाने और पुनः घर लाने में सहायता करेंगे। ये सभी दिव्यांग मतदाताओं को मतदान के दिन सभी आवश्यक सहायता एवं सुविधा भी उपलब्ध कराएंगे। ये बनाए गए हैं सहायक नोडल बेतालघाट/कोटाबाग क्षेत्र – योगेश कुमार पांडेय (7818012454) धारी क्षेत्र – अंजू बिष्ट (9627523808), महेंद्र चंद्र पांडेय (9412677509) रामगढ़ और भीमताल क्षेत्र – रवि कुमार (7855333790) रामगढ़ और भीमताल – दिनेश सिंह बिष्ट (9761310780) ओखलकांडा और हल्द्वानी – राहुल चंद आर्य (8192055757) ओखलकांडा और कोटाबाग – कृष्ण चंद्र (7466987789) रामनगर क्षेत्र – मृदुल राणा (9411391781), जसवीर सिंह (8191861947) हल्द्वानी क्षेत्र – संजय सिंह बिष्ट (9761909399)

### कार में काली फिल्म चढ़ाने, तेज गाने बजाने पर चालान

नैनीताल। तल्लीताल डांठ क्षेत्र में पर्यटकों की ओर से कार में काली फिल्म लगाकर तेज आवाज में गाना बजाना महंगा पड़ गया। लोगों की शिकायत पर पहुंची पुलिस ने काली फिल्म हटाने के साथ उनका चालान कर दिया। बुधवार को राजस्थान नंबर की एक कार तल्लीताल डांठ पर आकर रुकी। कार से तेज आवाज में गाने बजने लगे। लोगों ने पर्यटकों को टोका, लेकिन वे और तेज आवाज में गाने बजाने लगे। इस बीच सब इंस्पेक्टर सतीश उपाध्याय और कांस्टेबल अमित गहलोत मौके पर पहुंचे।

# तीनों ब्लॉकों के पोलिंग बूथों हेतु 459 मतदान पार्टियों को रवाना किया

**जयन्त प्रतिनिधि।**

रूद्रप्रयाग : त्रिस्तरीय पंचायत सामान्य निर्वाचन-2025 के अंतर्गत बुधवार को जनपद रुद्रप्रयाग के तीनों विकासखंडों के दूरस्थ पोलिंग बूथों सहित समस्त हेतु मतदान पार्टियों को रवाना किया गया।

बुधवार को 392 मतदान पार्टियों को उनके संबंधित मतदान स्थलों के लिए रवाना किया गया, जिसमें अगस्तमुनि से 189, जखोली से 130 तथा ऊखीमठ से 73 पोलिंग पार्टियों को मतदान केंद्रों के लिए रवाना किया गया।

जिन्हें मतपेटी सहित मतदान से संबंधित सभी आवश्यक सामग्री यथा- मतदाता सूची, सीलिंग सामग्री, बैलेट पेपर, स्टेशनरी किट आदि प्रदान की गई। जबकि बीते दिन 67 मतदान पार्टियों को उनके गंतव्यों के लिए रवाना किया गया था। इस दौरान मतदान पार्टियों द्वारा अपने-अपने दस्तावेजों का विधिवत सत्यापन कर गंतव्य की ओर प्रस्थान किया गया। मतदान कार्मिकों की सुविधा, सुरक्षा और समयबद्ध गंतव्य पर पहुँच सुनिश्चित करने हेतु प्रशासन द्वारा समुचित प्रबंध किए गए हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी/ जिलाधिकारी प्रतीक जैन ने निर्वाचन प्रक्रिया को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और सुव्यवस्थित ढंग से सम्पन्न कराने हेतु सभी मतदान कार्मिकों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए हैं।




### मुख्यमंत्री मेधावी छात्रवृत्ति परीक्षा 12 अगस्त को होगी

देहरादून। मुख्यमंत्री मेधावी छात्र प्रोत्साहन छात्रवृत्ति परीक्षा की नई तिथि घोषित कर दी गई है। यह परीक्षा पहले आठ जुलाई को होनी थी, लेकिन पंचायत चुनाव के चलते स्थगित कर दिया गया था। अब परीक्षा 12 अगस्त को होगी। राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद के अपर निदेशक पदमेंद्र सकलानी ने बताया कि स्कूलों में जूनियर और माध्यमिक स्तर पर मुख्यमंत्री मेधावी छात्र प्रोत्साहन छात्रवृत्ति योजना संचालित की गई है। इसके लिए नए शैक्षिण सत्र में परीक्षा की नई तिथि 12 अगस्त तय कर दी है। पांच अगस्त को गढ़वाल मंडल के सभी जनपद प्रभारी राजकीय बालिका इंटर कॉलेज ऋषिकेश और कुमाऊं मंडल के जनपद प्रभारी राजकीय बालिका इंटर कॉलेज ऋषिकेश से प्रश्न पत्र लेंगे। परीक्षा के बाद 12 और 23 अगस्त को ओएमआर उत्तर पुस्तिका और अन्य दस्तावेज विकास खंडों में जमा होंगे।

# बिजली कटौती रोकने को उठाएं जाएं सख्त कदमः धामी

देहरादून। जल विद्युत उत्पादन बाधित होने से गड़बड़ाए पावर सप्लाई सिस्टम पर सीएम पुष्कर सिंह धामी ने सख्त नाराजगी जताई। प्रमुख सचिव ऊर्जा आर मीनाक्षी सुंदरम को पावर सप्लाई सिस्टम सामान्य बनाए रखने को सख्त कदम उठाने के निर्देश दिए। प्रमुख सचिव ने बुधवार को ही यूपीसीएल के साथ ही यूजेवीएनएल मैनेजमेंट को तलब कर ठोस व्यवस्था बनाने के निर्देश दिए। सीएम पुष्कर सिंह धामी ने प्रमुख सचिव ऊर्जा को जारी निर्देश में साफ किया कि किसी भी स्थिति में राज्य में बिजली कटौती की स्थिति पैदा नहीं होनी चाहिए। अफसर हर स्थिति के लिए तैयार रहें। पहले से ही पावर सप्लाई सामान्य बनाए रखने का ठोस प्लान तैयार रहे। यदि हाइड्रो पावर से उत्पादन बाधित होता है, तो तत्काल उसके विकल्पों पर काम करते हुए व्यवस्था बनाई जाए। आम जनता को बिजली कटौती से होने वाली दिक्कतों को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। किसी भी तरह की लापरवाही को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। हर हाल में सप्लाई सिस्टम को मजबूत बना कर रखा जाए। आपदा के दौरान भी यदि कहीं कोई दिक्कत आती है, तो उस समस्या का तत्काल समाधान सुनिश्चित किया जाए। इसके लिए फील्ड में अफसर पूरे समय अलर्ट मोड पर रहें। प्रमुख सचिव ऊर्जा ने मांगा प्लान सीएम के निर्देश मिलते ही प्रमुख सचिव ऊर्जा आर मीनाक्षी सुंदरम ने यूपीसीएल और यूजेवीएनएल के अफसरों से प्लान तलब किया। बुधवार को सचिवालय में हुई बैठक में प्रमुख सचिव ऊर्जा ने निर्देश दिए कि तेज बारिश और नदियों के पानी में सिल्ट बढ़ने से किसी भी तरह पावर हाउस को कोई भी नुकसान नहीं पहुंचना चाहिए। पावर हाउस और बैराज की सुरक्षा को हर हाल में सुनिश्चित किया जाए।

## आज करेंगे मतदाता प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला

विकासनगर। पछुवादून, जौनसार बावर में पंचायत चुनाव शांतिपूर्ण और निष्पक्ष तरीके से संपन्न कराने को लेकर जिला प्रशासन ने पूरी तैयारी कर ली है। बुधवार को उपचुनाव के लिए प्रतिनियुक्त कर्मियों को एसडीएम ने मतदान से जुड़े दायित्वों के प्रतिनिष्ठा और पारदर्शिता बनाए रखने का पाठ पढ़ाया। साथ ही सभी कर्मियों को सामग्री वितरण केंद्र आशा राम वैदिक इंटर कॉलेज से मतदान केंद्रों के लिए रवाना किया गया। देर शाम तक सभी पोलिंग पार्टियां अपने मतदान केंद्रों पर पहुंच चुकी थी। आज मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला करेंगे। मतदान सुबह आठ बजे से शाम पांच बजे तक होगा। इससे पहले मॉक पोल की प्रक्रिया की जाएगी। मतगणना 31 जुलाई को संबंधित प्रखंड मुख्यालयों में होगी। मतदान को पारदर्शी और तकनीकी रूप से प्रभावी बनाने के लिए सभी मतदान कर्मियों को मोबाइल ऐप आधारित मॉनेटरी ट्रैकिंग प्रणाली का प्रशिक्षण दिया गया है। प्रत्येक पोलिंग पार्टी में पीठासीन अधिकारी, पोलिंग अधिकारी प्रथम, द्वितीय, तृतीय समेत कुल पांच कर्मी नियुक्त किए गए हैं। जबकि प्रत्येक पोलिंग पार्टी में पोलिंग अधिकारी द्वितीय महिला कर्मी को तैनात किया गया है। जिला निर्वाचन कार्यालय ने सभी मतदान केंद्रों पर पेयजल, शौचालय, बिजली और बैठने की समुचित व्यवस्था कर दी है। संवेदनशील और अतिसंवेदनशील बूथों की पहचान कर वहां अतिरिक्त सुरक्षा बलों की तैनाती की गई है।

### डोईवाला और बाजपुर चीनी मिल को 47.56 करोड़ रुपये जारी

देहरादून। सरकार ने डोईवाला और बाजपुर चीनी मिल के लिए 47.56 करोड़ रुपये का बजट जारी कर दिया है। यह बजट मौजूद पेराई सत्र के बकाया गन्ना भुगतान के लिए किया है। डोईवाला चीनी मिल को 22.47 करोड़ रुपये और बाजपुर के लिए 25.09 करोड़ रुपये मिलेंगे। गन्ना विकास एवं चीनी उद्योग मंत्री सौरभ बहुगुणा गन्ना किसानों के बकाया भुगतान को लेकर अधिकारियों के संग बैठक के बाद यह धनराशि जारी की गई। इससे पहले भी सरकार चीनी मिलों को गन्ना किसानों के बकाया भुगतान के लिए 92.14 करोड़ रुपये दे चुकी है। सचिव रणवीर सिंह चौहान की ओर से जारी भुगतान आदेश के मुताबिक दोनों चीनी मिलें इस धनराशि को सिर्फ मौजूदा पेराई सत्र के बकाया गन्ना भुगतान के रूप में उपयोग करेंगी।

# अपने चकराता जनमन की नए सीएचसी की जगह देखने डीएम स्वयं चढे पहाड़

देहरादून। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चकराता में बुनियादी सुविधाओं को जल्द दुरूस्त किया जाएगा। जिलाधिकारी सविन बंसल ने सीएचसी का स्थलीय निरीक्षण करने के बाद अस्पताल में स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर बनाने पर जोर दिया।चकराता में डीएम ने जनमन का नए सीएचसी की जगह देखने स्वयं पहाड़ चढ स्थलीय निरीक्षण किया। विद्यमान सीएचसी के संकरे बाजार, सीमित जगह, नियत्रित कैंट कानूनो की पकड़ से बाहर निकालना है आवश्यक है। सीएम के निर्देश पर आधुनिक सुविधाओं, खुली धूप, पर्याप्त पानी से धन्य होगा अपना नया सीएचसी। सीएचसी में ओपीडी, फार्मेसी, आपरेशन थियेटरर्स, वार्ड, लैब, पंजीकरण, दवा वितरण, डाक्टर आवास, सबके लिए पर्याप्त स्थान होगा। वृहद जनहित में प्रशासन जल्द प्रस्ताव, प्लान, आख्या शासन को भेजने की तैयारी में है। बहरहालः विद्यमान सीएचसी आधुनिक उपकरणों, पैरामेडिक्स, ओटी टेबलस, वार्ड आयाओं से लैस किया जा रहा है, जिसके लिए डीएम ने मौके पर धन की स्वीकृति करते हुए कार्य प्रारम्भ करने के निर्देश दिए हैं। महिला प्रसूति कक्ष के लिए एलईडी फोकस लाइट हेतु फंड की मौके पर स्वीकृति दे दी गई है। साथ सीएचसी के रजिस्टेज्शन व दवा काउंटर का विस्तारीकरण जल्द किया जाएगा। डीएम ने लोनिवि को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की भूमि का सीमांकन करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने सीएचसी चकराता में पंजीकरण काउंटर, ओपीडी, प्रसूति कक्ष, आपातकालीन कक्ष, शल्य कक्ष, औषधि भण्डार, एक्स–रे सुविधाओं का जायजा लिया ।



## बरसात से बाधित सड़कें, प्राथमिकता पर खोल रहा जिला प्रशासन

देहरादून। जिलाधिकारी सविन बंसल के निर्देशों पर प्रशासन की टीम बरसात के कारण अवरूद्व हो रही सड़कों को प्राथमिकता पर यातायात के लिए सुचारू बना रहा है। इस सीजन में अब तक 06 राष्ट्रीय राजमार्ग, 21 राज्य मार्ग, 245 ग्रामीण सड़क, 04 मुख्य जिला मार्ग एवं अन्य मार्ग सहित कुल 277 मार्ग भूस्खलन और मलबा आने के कारण अवरूद्व हुए थे। जिन्हें सुचारू कर दिया गया है।

अपर जिलाधिकारी केके मिश्रा ने बताया कि चकराता लाखा मंडल मोटर मार्ग, माक्टी पोखरी मर्ब मोटर मार्ग, प्रमेडी हयो टगरी से बेहमू मोटर मार्ग, पुरोडी रावडा डामटा मोटर मार्ग, क्यारपुल डामटा कोटा म्यूंडा और रोठू गोठाड जाखनी मोटर मार्ग को मलबा हटाकर खोले जा चुके है और वर्तमान में इन सभी सड़कों पर यातायात सुचारू है। पोखरी, माक्टी, लाखा मंडल आदि संवेदनशील सभी स्थानों पर 24 घंटे जेसीबी तैनात है और समय समय पर मलबा आने से बाधित होने पर इन सभी मागी को त्वरित सुचारू किया जा रहा है। वर्तमान में ये सभी मार्ग आवागमन के लिए सुचारू है।

लोनिवि अधिशासी अभियंता ने बताया कि बुधवार को बंद हुए 05 मोटर मार्ग जिनमें गडूल सकरोल मोटर मार्ग, कोटी डिमउ मोटर मार्ग, पुरकुल से भितरली किमाड मोटर मार्ग और लांघा मटोगी मदर्सू मोटर मार्ग को भी यातायात के लिए सुचारू कर दिया गया है। वही सहस्त्रधारा नालीवाला मोटर मार्ग खोलने का काम चल रहा है। जो आज सायं तक सुचारू कर लिया जाएगा।



### संक्रमण से बचाएगा बिना लीड का पेसमेकर

देहरादून। मैक्स सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में दिल के मरीजों को बिना लीड वाले पेसमेकर लगाने शुरू कर दिए हैं। 68 वर्षीय महिला की जान बचाने में एडवांस्ड लीडलेस पेसमेकर ने अहम भूमिका निभाई। जिन्हें कम्पलीट हार्ट ब्लॉकेज की समस्या थी।

मरीज गीता कठैत चक्कर आने और बहुत ही धीमी हृदय गति की शिकायत पर अस्पताल आई थी। कॉर्डियक साइंसेज के डायरेक्टर डॉ. पुनिश सदाना और डायरेक्टर डॉ. प्रीति शर्मा के नेतृत्व में कार्डियक टीम ने मरीज का इलाज किया। बुधवार को पत्रकार वार्ता में दोनों ने बताया कि पारंपरिक पेसमेकर में जहां सीने में चीरा लगाकर वायर को हार्ट से जोड़ा जाता है, वहीं लीड़लैस पेसमेकर में बिना किसी चीरे या टांके के, कैथेटर के माध्यम से पेसमेकर लगाया जाता है।

## शिव की आराधना कलियुग में विशेष फलदायकः आचार्य गौतम

विकासनगर। हरिपुर खेड़ा स्थित थपलेश्वर महादेव मंदिर में चल रही नौ दिवसीय शिव महापुराण कथा का समापन बुधवार को वैदिक विधिविधान के साथ हुआ। सुबह पंडित रविंद्र शास्त्री द्वारा वेद मंत्रों के बीच हवन यज्ञ संपन्न कराया गया, जिसमें श्रद्धालुओं ने आहुति देकर जीवन में सुख–शांति और कल्याण की कामना की। कथा के अंतिम दिन मंदिर परिसर शिवमय वातावरण से सराबोर रहा। श्रद्धालु भजन–कीर्तन और कथा श्रवण में लीन होकर शिव भक्ति में डूबे रहे। कथाव्यास आचार्य श्याम सुंदर गौतम ने भगवान शिव के शिव–तत्व पर गहन विवेचना की। उन्होंने कहा कि शिव केवल एक देव नहीं, बल्कि चेतना, करुणा, तपस्या, त्याग और संहार का परम संगम हैं। उनकी उपासना से मनुष्य को आत्मिक बल, मानसिक संतुलन और जीवन में संतोष की प्राप्ति होती है। कहा कि जीवन में सुख–शांति और समृद्धि चाहिए तो प्रीति, सिद्धि और शुभ–लाभ जैसे मूल्यों को अपनाएं। शिव तत्व की आराधना कलयुग में विशेष फलदायक मानी गई है। हवन की पूर्णाहुति के पश्चात विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर विजपाल सिंह बर्त्वाल, ईश्वर सिंह मनोगा, दिनेश सिंह, रघुवीर बर्थ्वाल, विनय मनोगा, इसम पाल, रमेश पंवार, ममता बर्त्वाल, माया नेगी, शीतल कैंतुरा, किरण पंवार, सुनीता चौहान, सुमन आदि मौजूद रहे।

## जलभराव की समस्या को दूर करने के लिए बड़ा एक्शन प्लान तैयार



देहरादून। शहरों में जलभराव की समस्या को दूर करने के लिए जिला प्रशासन निरंतर कार्य कर रहा है। मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन में जिला प्रशासन ने आईएसबीटी में जलभराव की बडी समस्या का स्थायी निदान करने के बाद अब निगम क्षेत्रों में जलजमाव की समस्या को दूर करने के लिए बड़ा एक्शन प्लान तैयार किया है। जिलाधिकारी सविन बंसल के निर्देशों पर नगर निगम देहरादून, ऋषिकेश और डोईवाला शहरों में जल भराव समस्या के समाधान हेतु 17 डी–वाटरिंग पंप लिए गए है। अपर जिलाधिकारी (एफआर) केके मिश्रा ने बुधवार को जिला आपातकालीन परिचालन केंद्र से इन डी–वाटरिंग पंपों को संबंधित विभागों को उपलब्ध करा दिया गया है।

जिलाधिकारी के निर्देश पर शहरों में जल जमाव वाले क्षेत्र चिन्हित किए गए है।

## शिवरात्रि पर शिवालयों में गूंजे जयघोष, उमड़ी भीड़

हरिद्वार। श्यामपुर। सावन मास की शिवरात्रि पर बुधवार को क्षेत्र के प्रमुख शिवालयों गौरी शंकर मंदिर, प्राचीन शिव मंदिर, कुंडी सोटेश्वर महादेव मंदिर तथा नीलेश्वर महादेव मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। तड़के से ही जलाभिषेक और रुद्राभिषेक के लिए लंबी कतारें लगनी शुरू हो गईं। हर–हर महादेव के जयघोषों से पूरा वातावरण भक्तिमय बन गया। आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में शिवभक्त मंदिरों में पहुंचे और पारंपरिक विधि–विधान से भगवान शिव का पूजन–अर्चन किया। श्रद्धालुओं की सुविधा व भीड़ प्रबंधन के लिए पुलिस बल और स्वयंसेवकों की तैनाती रही। गौरी शंकर, नीलेश्वर महादेव व कुंडी सोटेश्वर महादेव मंदिरों पर पेयजल, प्रसाद वितरण और कतारबद्ध दर्शन की समुचित व्यवस्था की गई थी। श्रद्धालु दिनभर श्रद्धा और भक्ति में लीन दिखे, दर्शन का क्रम शांतिपूर्वक संपन्न हुआ।



**शिव मंदिर में गंगाजल चढ़ाकर सुख शांति की कामना**

कांवड़ यात्रा में हरिद्वार पहुंचे श्रद्धालुओं ने भी धर्मनगरी के शिवालयों में शिव मंदिर में गंगाजल चढ़ाकर सुख शांति की कामना की। शहर से लेकर गांव देहात तक शिव मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही। जलाभिषेक को श्रद्धालुओं को कतारों में खड़े होकर लम्बा इंतजार करना पड़ा। कनखल स्थित दक्ष मंदिर, हरिहर आश्रम स्थित पारे के शिवलिंग, दरिद्र भंजन, दुख भंजन और तिलभांडेश्वर मंदिर में सुबह से ही जलाभिषेक करने वाले श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ने लगी थी। दक्ष मंदिर, दरिद्र भंजन मंदिर में श्रद्धालुओं की लम्बी कतार लगी रही। जबकि दक्ष मंदिर काफी संख्या में कांवड़िए भी गंगाजल लेकर पहुंचे हुए थे।

लम्बी कतार होने के बाद कांवड़ियों का जोश कम होने का नाम नहीं ले रहा था। जबकि बिल्वकेश्वर महादेव, निलेश्वर महादेव के अतिरिक्त मठ मंदिरों और आश्रमों में भी शिवभक्तों ने पूजा अर्चना की।

# निजी नामी कैंब्रियन स्कूल पर प्रशासन का शिंकजा

**– जिला प्रशासन के आक्रामक रवैये से कैंब्रियन हॉल स्कूल अब बैकफुट पर आया**

देहरादून। मुख्यमंत्री के निर्देश और जिला प्रशासन के आक्रामक रवैये से कैंब्रियन हॉल स्कूल अब बैकफुट पर आ गया है। स्कूल ने मनमाने तरीके से 10 प्रतिशत फीस वृद्धि को 05 प्रतिशत कम कर दिया है। जिलाधिकारी सविन बंसल के निर्देशों पर नियमों का पालन न करने वाले स्कूलों के खिलाफ कडा एक्शन लिया जा रहा है। जिला प्रशासन द्वारा स्कूल पर सख्त प्रवर्तन एक्शन के बाद अभिभावकों को बड़ी राहत मिली है।

'भय बिनु होई न प्रीति' कहावत को चरितार्थ करता जिला प्रशासन; नामी गिरामी निजी स्कूलों पर शिकंजा, दसियों व्यथित अभिभावक झुंड ने जब लगाई डीएम से गुहार, बस तभी से कार्यवाही का सिलसिला शुरू हो गया है। अब निजी नामी कैब्रियन स्कूल पर प्रशासन ने शिंकजा कस दिया है। सीएम की डीएम को सख्त हिदायत है कि शिक्षा का मंदिर नहीं बनेगा व्यवसाय का अड्डा, जिला प्रशासन ने स्कूल संचालकों के पेंच कस दिए है। तमीज, आग्रह, उदबोधन से नही आए बाज; तो जनहित लागू करवाना प्रशासन जानता है। मई में स्कूलों को जारी आदेश की अवहेलना, शिकायत पर डीएम का सख्त प्रवर्तन एक्शन, स्कूल से ही 5 प्रतिशत् पर खिंचवाई फीस की लकीर। जिले के नामी गिरामी स्कूल को करनी पड़ी फीस कम, अभिभावकों से अब तक वसूली गई अधिक फीस अब आगे घटाते हुए समायोजित करेगें दी लिखित अण्डरटेकिंग दी है। सीएम के निर्देश, शिकायत पर जिला प्रशासन ने विगत मई में ही कई निजी स्कूलों की कुंडली खंगाली है। जिला प्रशासन का एक्शन, स्कूल को जारी करनी पड़ा कही से भी खरीदें किताबें और ड्रेस का पत्र। स्कूल पर जिला प्रशासन का सख्त प्रवर्तन एक्शन से अभिभावकों को बड़ी राहत मिल गई है। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि शिक्षा सबका अधिकार, अभिभावकों और बच्चों का शोषण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा शिकायत मिली तो मान्यता निरस्त करने की कार्यवाही की जाएगी।दरअसल, जिलाधिकारी की अध्यक्षता में 14 जुलाई को आयोजित जनता दरबार में मोनिका राणा एवं अन्य अभिभावकों ने शिकायत दर्ज की थी कि जिला प्रशासन के प्रतिबंधों के बावजूद भी कैम्ब्रियन स्कूल द्वारा फीस कम नही की गई है। स्कूल प्रशासन द्वारा मनमाने ढंग से फीस बढ़ाई गई है। जिससे अभिभावकों को अपने बच्चों की पढाई के लिए आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड रहा है। जिलाधिकारी सविन बंसल ने अभिभावकों की शिकायत को गंभीरता से लेते हुए मुख्य विकास अधिकारी अभिनव शाह की अध्यक्षता में गठित जिला प्रशासन की कोर टीम को प्रकरण की जांच करने और कैम्ब्रियन स्कूल की सीबीएससी संबद्वता हेतु राज्य सरकार द्वारा निर्गत एनओसी रद्व करते हुए स्कूल के खिलाफ सख्त प्रवर्तन एक्शन लेने के निर्देश दिए गए। इस पर मुख्य विकास अधिकारी एवं मुख्य शिक्षा अधिकारी ने कैम्ब्रियन स्कूल को नोटिस जारी करते हुए स्कूल प्रिसिंपल को तलब किया और फीस स्ट्रक्चर की जांच के दौरान 30 मई को दिए गए आदेशों का अनुपालन करने की कडी हिदायत दी गई।

## शिवरात्रि पर शिवालयों में जलाभिषेक को जुटे श्रद्धालु

विकासनगर। शिवरात्रि पर बुधवार को शिवालयों में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं का समागम हुआ है। पछुवादून, जौनसार बावर के अलग–अलग मंदिरों में श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। सावन महीने में पड़ने वाली शिवरात्रि पर बाबा को जल अर्पित करने का विशेष महत्व माना जाता है। इस वजह से बड़ी संख्या में शिवभक्त मंदिरों में जलाभिषेक और विशेष पूजा–अर्चना के लिए पहुंचे। पौराणिक शिव मंदिर लाखामंडल, प्राचीन शिव मंदिर बाड़वाला, बूढ़ा केदारेश्वर मंदिर एनफील्ड ग्रांट में जल चढ़ाने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु एकजुट हुए। 'बम–बम भोले' और 'हर–हर महादेव' के जयकारों से मंदिर गूंजते रहे। लाखामंडल के पौराणिक शिव मंदिर में भक्तों ने जलाभिषेक कर पुण्य अर्जित किया। मंदिर को आकर्षक ढंग से सजाया गया था, जहां श्रद्धालु कतारों में अपनी बारी का इंतजार कर रहे। श्रद्धालुओं के लिए व्यवस्थित तरीके से दर्शन की सुविधा की गई थी। एक श्रद्धालु ने कहा कि भगवान शिव पर अगर एक लोटा पवित्र जल अर्पित करते हैं तो वो उसी से खुश हो जाते हैं। यहां शिवरात्रि पर पौराणिक शिव मंदिर में हम पूजा करने आए हैं। हमें अनुभव होता है कि कहीं न कहीं यहां भगवान शिव विराजमान हैं, जो यहां से सृष्टि का संचालन कर रहे हैं। लाखामंडल की तरह पछुवादून में भी लोग सुबह से मंदिरों में जलाभिषेक और पूजा–पाठ करने पहुंच गए थे।

**जयन्त**
**संस्थापक**
स्व.नरेन्द्र उनियाल
प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी
**नागेन्द्र उनियाल** द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित
–सम्पादक
**नागेन्द्र उनियाल**
आर.एन.आई. 35469 / 79
फोन / फैक्स 01382–222383
मो. 8445596074, 9412081969
e-mail: nagendra.uniyal@gmail.com